शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 115 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 21 मई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## पांचवें चरण में 59.84 प्रतिशत मतदान

### 49 सीटों के लिए हुए मतदान का प्रतिशत रात 11 बजे तक जारी आकड़ों के अनुसार 59.48 प्रतिशत रहा

**नई दिल्ली**

**लोकसभा** में पांचवें चरण का मतदान कुछ छिटपुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। इस चरण में 49 सीटों के लिए हुए मतदान का प्रतिशत रात 11 बजे तक जारी आकड़ों के अनुसार 59.48 प्रतिशत रहा। मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ और शाम छह बजे तक चला। हालांकि छह बजे के बाद भी कई स्थानों पर लम्बी कतारें देखी गई और मतदान जारी रहा। 08 राज्यों के कई हिस्सों में आज मतदान हुआ। गर्म मौसम का सामना करते हुए मतदाता बड़ी संख्या में घरों से बाहर निकले। जम्मू-कश्मीर के बारामूला में मतदान पूरी तरह से शांतिपूर्ण रहा और शाम 7.45 बजे तक 54.49% मतदान हुआ और यह 35 वर्षों में सबसे अधिक मतदान था। बिहार, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल, ऐसे राज्य/केंद्र शासित प्रदेश हैं जहां इस चरण में चुनाव हुए। कुल 695 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। राज्यवार आंकड़ों की बात की जाए तो बिहार में 54.58 प्रतिशत, जम्मू-कश्मीर में 56.29 प्रतिशत, झारखंड में 63.07 प्रतिशत, लद्दाक में 68.47 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 54.29 प्रतिशत, ओडिशा में 66.7 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 57.79 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 73.69 प्रतिशत मतदान हुआ है। सभी निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान सुचारु और शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।



### वोट डालने के लिए अनुकूल माहौल बनाने के लिए कड़े सुरक्षा उपाय किए गए

**मुख्य** चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ आयोग ने दिन के दौरान मतदान प्रक्रिया के प्रत्येक पहलू पर कड़ी नजर रखी और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। मतदाताओं के लिए बिना किसी डर या भय के वोट डालने के लिए अनुकूल माहौल बनाने के लिए कड़े सुरक्षा उपाय किए गए थे। अलग-अलग इलाकों में गर्म परिस्थितियों को छोड़कर मौसम काफी हद तक सामान्य था। मुंबई, ठाणे, नासिक और लखनऊ जैसे विभिन्न शहरी शहरों में शहरी उदासीनता की



प्रवृत्ति जारी रही। जैसा कि पिछले आम चुनावों 2019 में देखा गया था। मुंबई में, मशहूर हस्तियों और आम नागरिकों ने वोट डालने के लिए अपनी बारी का धैर्यपूर्वक इंतजार किया और गर्व से अपनी स्याही लगी उंगलियों का प्रदर्शन किया। आम चुनाव 2024 में मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने के लिए जीवन के विभिन्न क्षेत्रों की मशहूर हस्तियों ने आयोग के साथ साझेदारी की है। ऐसे कई प्रेरक वीडियो उनके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड किए गए थे। पांचवें चरण के समापन के साथ ही आम चुनाव 2024 के लिए मतदान अब 25 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और 428 लोकसभा में पूरा हो गया है। अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, आंध्र प्रदेश की राज्य विधानसभाओं और ओडिशा राज्य विधानसभा की 63 विधानसभा सीटों के लिए भी आम चुनाव में मतदान पूरा हो गया है। अगले चरण (छठे चरण) का मतदान 25 मई को 8 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 58 लोकसभा (अनंतनाग-राजौरी पीसी में स्थगित मतदान सहित) में निर्धारित है।

### यूपी की 14 सीटों में से लखनऊ में सबसे कम 52.23 प्रतिशत मतदान



**लखनऊ**

लोकसभा के पांचवें चरण में यूपी की 14 सीटों में लखनऊ लोकसभा सीट पर सबसे कम 52.23 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि लखनऊ जनपद की दूसरी सीट मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र में 62.72 प्रतिशत मतदान हुआ। इस दौरान पोस्टल बैलेट से भी मतदान हुए, जिसमें मोहनलालगंज लोकसभा में 3653 और लखनऊ लोकसभा में 5511 मतों को पोस्टल के माध्यम से डाला गया। लोकसभा क्षेत्र लखनऊ में आने वाले पांच विधानसभाओं में लखनऊ पश्चिम विधानसभा में सबसे अच्छा मतदान हुआ। लखनऊ पश्चिम विधानसभा में 54.23 प्रतिशत मतदान से मतदाताओं को खासा उत्साह का पता चला। इसके बाद लखनऊ मध्य विधानसभा में 52.42 प्रतिशत मतदान पड़ा। लखनऊ पूर्व विधानसभा में 52.24 प्रतिशत ही मतदान हो सका।

लखनऊ में लखनऊ उत्तर और लखनऊ कैण्ट में मतदान प्रतिशत बेहद कम रहा। दोनों ही विधानसभा क्षेत्रों में नये मतदाता बनाने और फर्जी मतदाताओं के नाम हटाने में निर्वाचन की टीमों ने मेहनत की थी। लखनऊ उत्तर में 51.48 प्रतिशत और लखनऊ कैंट क्षेत्र में 49.28 प्रतिशत मतदान हुआ। लोकसभा मोहनलालगंज में सिधौली विधानसभा क्षेत्र से 66.49 प्रतिशत, मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र से 63.90 प्रतिशत, बीकेटी विधानसभा क्षेत्र से 65.68 प्रतिशत, सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र से 54.44 प्रतिशत और मोहनलालगंज विधानसभा से 66.30 प्रतिशत मतदान हुए।

## दिल्ली की सभी अनाधिकृत कॉलोनियों को 2026 तक करेंगे अधिकृत: अमित शाह

**नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि 2026 तक दिल्ली की सभी अनाधिकृत कॉलोनियों को अधिकृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया में तीसरे स्थान पर पहुंचाना है। अमित शाह आज दक्षिणी दिल्ली के संगम विहार में पार्टी की चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जहां झुग्गी, वहां मकान के तहत केंद्र सरकार 3000 फ्लैट्स आवंटन कर चुकी है। उन्होंने कहा कि कुछ अनाधिकृत कॉलोनियां रह गई हैं, जो आज मैं मोदी की गारंटी देकर जाता हूं- 2026 तक सभी अनाधिकृत कॉलोनियों को अधिकृत करके हम आपको मालिक बनाएंगे। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) को लेकर कांग्रेस नेताओं के बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अमित शाह ने कहा कि इंडी अलायंस के नेता कहते हैं कि पीओके की बात मत करो, पाकिस्तान का सम्मान करो, क्योंकि उसके पास एटम बम है। अरे राहुल बाबा हम तो भाजपा की जमात हैं, हम एटम बम से नहीं डरते हैं। उन्होंने कहा कि पीओके भारत का है, रहेगा और हम उसे वापस लेकर रहेंगे। शाह ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते हैं कि दिल्ली और राजस्थान की जनता का कश्मीर से क्या लेना-देना है। शाह ने कहा कि खड़गे भले ही 80 वर्ष के हो गये लेकिन भारत को जान नहीं पाये। उन्होंने कहा कि दिल्ली का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान दे सकता है। कांग्रेस पार्टी ने 70 साल तक अनुच्छेद 370 को अपने बच्चे की तरह पाल कर रखा। नरेन्द्र मोदी को आपने दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया और दिल्ली की सातों सीटों पर जीत दिलाई। मोदी ने 05 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद-370 को समाप्त कर कश्मीर को आतंकवाद से मुक्त करने का काम किया। आज जम्मू-कश्मीर में किसी को कंकर चलाने की हिम्मत नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में आज परिवर्तन देखिए- पहले आजादी के नारे कश्मीर में लगते थे, आज पीओके में लगते हैं। पहले पथराव यहां होता था, आज वहां स्ट्राइक हो रही है।

## ईडी ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका का किया विरोध

### कहा, हेमंत सोरेन संपत्तियों के अवैध अधिग्रहण और कब्जे में लिप्त रहे हैं

**नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका का विरोध किया है। ईडी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल जवाबी हलफनामा में कहा गया है कि हेमंत सोरेन संपत्तियों के अवैध अधिग्रहण और कब्जे में लिप्त रहे हैं। हेमंत सोरेन



की अंतरिम जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट कल यानि 21 मई को सुनवाई करने वाली है। ईडी ने कहा है कि मनी लॉन्ड्रिंग कानून की धारा 50 के तहत दर्ज किए गए बयानों से पता चलता है कि रांची के बरियातू में 8.86 एकड़ पर हेमंत सोरेन का कब्जा है और उसका इस्तेमाल हेमंत सोरेन गुप्त रूप से कर रहे थे। ईडी ने कहा है कि चुनाव प्रचार करना न तो संवैधानिक अधिकार है और न मौलिक अधिकार है। ईडी ने आशंका जताई है कि अगर हेमंत सोरेन को रिहा किया गया तो वे जांच को प्रभावित कर सकते हैं। बतादें कि 17 मई को सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कोई भी राहत देने से इनकार कर दिया था। सुनवाई के दौरान सोरेन की ओर से वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि जमीन घोटाले का आरोप लगाया गया है। उसके लिए कुछ लोगों के बयान को आधार बनाया गया है।

## कांग्रेस राज में सुबह की शुरूआत घोटाले और शाम का अंत आतंकी हमलों से होता था : योगी

### कुरुक्षेत्र में योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर बोला हमला

**कुरुक्षेत्र**

हरियाणा के चुनावी समर में उतरे भाजपा के स्टार प्रचारक एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार नवीन जिंदल के पक्ष में न्यू अनाज मंडी में विजय संकल्प रैली की। योगी ने कुरुक्षेत्र की धरा को प्रणाम किया,



फिर बोले कि कमल के फूल पर बटन दबाकर 'अबकी बार-400 पार' और 'फिर एक बार मोदी सरकार' बनाना है। अयोध्या का जिक्र कर योगी ने कहा कि हमने रात-रात भर जगकर अयोध्या को अयोध्या बनाया है। योगी ने आगे कहा कि अब कोई दुश्मन हमारी सीमा में घुसपैठ नहीं कर सकता है। अब आतंकी विस्फोट नहीं होते, पहले हर जिले, क्षेत्र, प्रदेश में विस्फोट से निर्दोष मारे जाते थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में सुबह की शुरूआत घोटाले और शाम होते-होते आतंकी वारदात की बड़ी खबरें आती थीं, लेकिन अब भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक व एयर स्ट्राइक के माध्यम से विश्व को अपनी ताकत का अहसास कराया है। हम शांति और सौहार्द के पक्षध? हैं, लेकिन शांति केवल बोलने से नहीं, ताकत से हासिल की जाती है। योगी ने कहा कि आम आदमी पार्टी की शुरूआत और शाम का अंत भी झूठ से होता है। योगी ने कहा कि 25 करोड़ के उत्तर प्रदेश में पहले सरकार कमजोर और माफिया हावी थे। उनकी समानांतर हुकूमत चलती थी।

## स्वाति का आरोप- झूठ फैला रहे आआपा नेता, कहा कोर्ट ले जायेंगी

**नई दिल्ली**

**सांसद स्वाति** मालीवाल ने आम आदमी पार्टी (आआपा) की ट्रोल आर्मी पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए कोर्ट में ले जाने की धमकी दी है। उन्होंने कहा है कि बिभव कुमार के खिलाफ कम्प्लेंट देने तक वे पार्टी के हिसाब से लेडी सिंघम थीं और आज भाजपा की एजेंट बन गई? दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास में हुई मारपीट के मामले में स्वाति लगातार आआपा और उसके नेताओं को घेर रही हैं। दूसरी ओर पार्टी तथा उसके नेता स्वाति को भाजपा का मोहरा बता रहे हैं। उनका कहना है कि अपने खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में कार्रवाई होती देख स्वाति डर गई हैं। इसी मुद्दे पर स्वाति ने आज सोशल मीडिया पर बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि कल से दिल्ली के मंत्री झूठ फैला रहे है कि उनपे भ्रष्टाचार की एफआईआर दर्ज हुई है इसलिए भाजपा के इशारे पर उन्होंने ये सब किया। ये एफआईआर 8 साल पहले 2016 में हो चुकी थी जिसके बाद भी उन्हें सीएम और एलजी दोनों ने दो बार महिला आयोग की अध्यक्ष नियुक्त किया। केस पूरी तरह



फर्जी है जिस पर 1.5 साल से हाईकोर्ट ने रोक लगायी हुई है। कोर्ट ने माना है कि पैसे का कोई लेन देन नहीं हुआ है। स्वाति ने आगे कहा कि बिभव पर आरोप लगाने के बाद पूरी ट्रोल आर्मी उनके पीछे लगा दी गई है। वे इसलिए क्योंकि उन्होंने सच बोला। पार्टी के सभी लोगों को फोन करके बोला जा रहा है स्वाति की कोई पर्सनल वीडियो है तो भेजो, लीक करनी है। उनके रिश्तेदारों की गाड़ियों के नंबर से उनकी डिटेल ट्वीट करवाकर उनकी जान खतरे में डाल रहे हैं। कोर्ट में ले जाने की चेतावनी देते हुए स्वाति ने कहा कि झूठ ज्यादा देर तक टिक नहीं पाता है। पर सत्ता के नशे में किसी को नीचा दिखाने के जुनून में ऐसा न हो जाये की जब सच सामने आये तो अपने परिवारों से भी नजरे न मिला पाओ। तुम्हारे हर फैलाए झूठ के लिए तुम्हें कोर्ट लेके जाऊंगी।

## जम्मू-कश्मीर के बारामूला में वोटिंग का रिकॉर्ड टूटा, अनुच्छेद 370 हटने के बाद पहली बार आम चुनाव

**नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव के दौरान रिकॉर्ड मतदान हो रहा है। सोमवार को जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट पर मतदान हुआ। इसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की और आतंक प्रभावित इस क्षेत्र में पहली बार 50 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। चुनाव आयोग के अनुसार केंद्र शासित



प्रदेश जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर संसदीय क्षेत्र में 38.49 प्रतिशत के रिकॉर्ड मतदान के बाद बारामूला संसदीय क्षेत्र अब पिछले 8 लोकसभा चुनावों में सबसे अधिक मतदान की ओर अग्रसर दिख रहा है। बारामूला, कुपवाड़ा, बांदीपोरा और बडगाम जिलों में शाम 5 बजे तक 54.21 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के लागू होने के बाद घाटी में यह पहला आम चुनाव था।

## स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में सचिव बिभव को पुलिस मुख्यमंत्री आवास लेकर आई

**नई दिल्ली**

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर पर सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में जांच के दौरान सोमवार शाम दिल्ली पुलिस की टीम मुख्यमंत्री के निजी सचिव बिभव कुमार को लेकर मुख्यमंत्री आवास पर पहुंची। इस दौरान उत्तरी जिला की एडिशनल डीसीपी अंजीथा चेपयाना समेत कई वरिष्ठ अधिकारी वहां पहुंचे। पुलिस सूत्रों के अनुसार 13 मई की सुबह को क्या-क्या हुआ था। उस पूरे घटनाक्रम को जानने के लिए पुलिस ने बिभव की मौजूदगी में सीन रीक्रिएट किया। सूत्रों का कहना कि बिभव पुलिस की पूछताछ में ज्यादा सहयोग नहीं कर रहे हैं। वह हां या ना में ही जवाब दे रहे हैं।

## देश व हरियाणा की तरक्की के दम पर कांग्रेस को साफ करेगी भाजपा: शाह

### झज्जर में गृह मंत्री शाह ने रोहतक से भाजपा उम्मीदवार अरविन्द शर्मा के लिए मांगे वोट

**झज्जर**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश के तमाम दूसरे हिस्सों समेत हरियाणा में भी अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल धर्म और समाज का मान बढ़ाया है बल्कि पूरी दुनिया में भारत का रुतबा बढ़ाया है। इसी की बदौलत हरियाणा में भी भारतीय जनता पार्टी पिछले लोकसभा चुनाव की तरह कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर देगी। अमित शाह ने यह बात सोमवार को झज्जर में हुई भाजपा की चुनावी रैली को संबोधित करते हुए




कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हरियाणा में 12 एक्सप्रेस-वे बनवाने सहित तमाम तरह के विकास कार्य करवाए। हरियाणा के विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने दो लाख करोड़ से अधिक राशि दी। राहुल गांधी पर शाह ने जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन में राहुल बाबा समेत प्रधानमंत्री के योग्य कोई नेता ही नहीं है। गठबंधन के जो नेता हैं वो भी आपस में लड़ते रहते हैं। भाजपा तो 400 पार करेगी, लेकिन कांग्रेस 40 भी पार नहीं कर पाएगी। चार जून को वोटों की गिनती के बाद राहुल बाबा छुट्टी मनाने के बहाने विदेश चले जाएंगे। शाह ने कहा, कांग्रेस झूठ फैला रही है कि भाजपा आई तो दलितों और पिछड़ों के आरक्षण को खत्म कर देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के एक भी सांसद के रहते वर्तमान आरक्षण व्यवस्था को छेड़ने की किसी में हिम्मत नहीं। शाह ने अपनी बात शुरू करने से पहले किसान नेता चौ. छोटूराम, पंडित श्रीराम शर्मा, पंडित भगवत दयाल व चौ. चरण सिंह को याद किया और जनसमूह से भाजपा उम्मीदवार डॉ अरविन्द शर्मा को वोट देने की अपील की। भाजपा प्रत्याशी डॉ शर्मा भीड़ को देखकर बहुत उत्साहित नजर आए। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस उम्मीदवार को पिछले चुनाव के मुकाबले बहुत बड़े अंतर से हराएंगे। भाजपा नेता ओमप्रकाश धनखड़, विधायक महंत बालकनाथ, रामचंद्र जांगडा व जिला भाजपा अध्यक्ष राजपाल शर्मा ने भी सभा को संबोधित किया।

# शादी का झांसा देकर बी फार्मा की छात्रा से दुष्कर्म, अश्लील वीडियो वायरल करने की दी धमकी

अखंड भारत संदेश

**नैनी/प्रयागराज।** नैनी में बीफार्मा की छात्रा से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। छात्रा का आरोप है कि शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म किया गया और बाद में जातिगत टिप्पणी कर आरोपी युवक शादी से मुकर गया। शिकायत करने पर अश्लील वीडियो -फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा है उधर पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है धूमनगंज निवासी छात्रा नैनी में रहती है और वहीं एक कॉलेज से बीफार्मा की पढ़ाई कर रही है। उसका आरोप है मूल रूप से मुंगरा बादशाहपुर का रहने वाला युवक नैनी में रहता है



जिससे उसकी मुलाकात कुछ समय पहले हुई। उसने शादी करने की बात कही और उसके पिता से भी इस संबंध में बात की जिसकी कॉल रिकॉर्डिंग मौजूद है। आरोप है कि वह उससे दुष्कर्म करता रहा और शादी की बात पर टालमटोल करता रहा। पिछले दिनों जातिगत टिप्पणी करते हुए शादी से इंकार कर दिया। साथ ही कहा कि उसने आपत्तिजनक वीडियो फोटो बना लिया है शिकायत करने पर वायरल करने की धमकी दी और ब्लैकमेल कर दो लाख रुपये भी ऐंठ लिए। आरोप है कि अब अपने साथी संग मिलकर शिकायत न करने को धमका रहा है। पीड़िता ने थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तहरीर लेकर जांच पड़ताल में जुटी हुई है। एसीपी करछना संजय सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जिस पर जांच कराई जा रही है। छात्रा से मूल पते का प्रमाण व जाति प्रमाणपत्र मांगा गया है जो उसने अभी उपलब्ध नहीं कराया है।

## भाजपा प्रत्याशी के जनसंपर्क के दौरान कार्यकर्ताओं का उमड़ा हुजूम

**मांडा।** भारतीय जनता पार्टी के लोक सभा प्रत्यासी नीरज त्रिपाठी सोमवार को मांडा खास काली मां के चौराहे पर जनसंपर्क के दौरान कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा इस बीच कार्यकर्ताओं ने नीरज त्रिपाठी का गर्म जोशी के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया। तथा प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जिंदाबाद की नारा लगाया। वही भाजपा प्रत्यासी नीरज त्रिपाठी ने बाजार वासियों तथा क्षेत्र के मांडा निबियरिया,सोनकर बस्ती में पैदल जन संपर्क करके भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान जय शंकर प्रजापति,अमरेंद्र सिंह, संजय द्विवेदी उर्फ कक्कू, मंजेश द्विवेदी, सुशांत द्विवेदी, सर्वेश चतुर्वेदी, मनोज चतुर्वेदी, सदाफल सोनकर धर्मेंद्र प्रजापति, मण्डल महामंत्री रामबली मौर्या, रामसुख कुशवाहा,जीत नारायण श्रीवास्तव, संदीप द्विवेदी, राजेंद्र प्रजापति, अनिल कुमार पांडेय, राम प्रसाद राणा, गौरी शंकर गुप्ता, भोला नाथ गुप्ता, मुकेश केशरी, आदि सैकड़ों के तादाद में भाजपा समर्थक शामिल रहे।

# विहिप के अध्यक्ष ई नित्यानंद उपाध्याय की अगुवाई में बजरंग दल कार्यकताओं ने निकाली बाइक यात्रा






अखंड भारत संदेश

**मेजा।** सोमवार को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकताओं द्वारा सर्वेश्वर हनुमान मंदिर नारी-बारी से डीजे की धुन पर बाइक यात्रा निकाली गई। जिसकी अध्यक्षता विश्व हिन्दू परिषद के यमुनापार जिलाध्यक्ष ई नित्यानंद उपाध्याय ने किया। उल्लेखनीय है कि यह यात्रा नारी-बारी से चलकर जारी,गौहनिया, जसरा, बारा (जसरा प्रखंड) होते हुए शंकरगढ़ प्रखंड हनुमान निकेतन मंदिर हनुमान नगर में संपन्न हुई जिसमें विश्व हिंदू परिषद के सभी पदाधिकारी और बजरंग दल के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे। गौरतलब है कि जय श्रीराम के नारों के साथ यात्रा का शुभारंभ हुआ। इस दौरान सैकड़ो भक्तों ने हनुमान जन्मोत्सव शामिल हुए। इस मौके पर काशी प्रांत के सहमंत्री महेंद्र, काशी प्रांत विभाग मंत्री महेश, यमुनापार जिला संगठन मंत्री सुभाष, जिला मंत्री रवि, जिला सह मंत्री मनोज, जिला सह मंत्री विवेक, जिला संयोजक राहुल, जिला धर्म प्रसार प्रमुख राजकुमार, जिला मिलनकेंद्र आदर्श, नारी-बारी प्रखंड अध्यक्ष बालेंद्र, नारी-बारी प्रखंड मंत्री आतेंद्र, शंकरगढ़ प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद, नगर अध्यक्ष राजू रामकृष्ण त्रिपाठी आनंद शुक्ला राजा दोगारी विकास पांडेय विकास तिवारी उत्तम पांडेय विवेक तिवारी सहित आदि सैकड़ो कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## प्रयागराज जंक्शन पर आज से शुरू होगा यूपी का 5वां रेल कोच रेस्टोरेंट



**प्रयागराज।** रेलवे स्टेशन पर बन कर तैयार हुए रेल कोच रेस्टोरेंट मांसाहार नहीं परोस सकेंगे। शुद्ध और शाकाहारी व्यंजन ही यात्रियों के लिए उपलब्ध होगा। मांसाहार परोसने पर उनका टेंडर रद्द कर दिया जाएगा। प्रयागराज जंक्शन पर रेल कोच रेस्टोरेंट की सुविधा का लाभ 21 मई से मिलने लगेगा।यह प्रदेश का पांचवां रेल कोच रेस्टोरेंट है जो क्रियान्वित होने जा रहा है। इससे पहले लखनऊ, बरेली, वाराणसी और आगरा कैंट स्टेशन पर यह सुविधा उपलब्ध है। *धार्मिक मान्यता को देखते हुए मांसाहार पर रहेगा पूर्णतः प्रतिबंध*रेल कोच रेस्टोरेंट में संगम नगरी की धार्मिक मान्यता को देखते हुए मांसाहार पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। जंक्शन के अलावा छिवकी व सूबेदारगंज में भी रेल कोच रेस्टोरेंट बन रहा है। इसकी तर्ज पर उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में 12 और रेल कोच रेस्टोरेंट प्रस्तावित हैं।जंक्शन पर सिविल लाइंस साइड में पुराने बुकिंग कार्यालय के पास रिटायर हो चुके एसी टू कोच को रेस्टोरेंट के रूप में विकसित किया गया है। जहां एक साथ 56 लोग बैठ सकेंगे। यहां 14 टेबल के साथ दो-दो सोफे लगाए गए हैं। इसके संचालन के लिए टेंडर कृष्णा कैटर्स आवंटित हुआ है।मंडल पीआरओ अमित कुमार सिंह ने बताया कि रेल कोच रेस्टोरेंट न सिर्फ यात्रियों को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराएगा।

# ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन पंकज शुक्ल महाराज ने सुनाई भगवान के सोलह हजार एक सौ सात विवाह सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष कथा विश्राम की कथा





**-कठौली की श्रीमद् भागवत कथा में श्रोताओं का उमड़ा जनसैलाब - भाग 6**

**मेजा।** विकास खंड उरुवा के कठौली गांव में मुख्य यजमान मूरत नारायण शर्मा श्री नारायण शर्मा व श्रीमती नयन कुमारी शर्मा के नेतृत्व मेंआयोजित 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के शायं 4 बजे छठवें दिन की कथा में भगवान के सोलह हजार एक सौ सात विवाह की कथा सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष की कथा विश्राम के प्रसंग की कथा मुख्य कथा वाचक पंडित पंकज शुक्ल जी महाराज वृंदावन धाम व सहित्याचार पंडित अरुण कुमार तिवारी द्वारा सुनाई गई। इस दौरान कुलगुरू पंडित ओम तिवारी भी कथा में मौजूद रहे। उक्त आशय की जानकारी वरिष्ठ साइंटिस्ट अमेरिका डा राजेश शर्मा व विनोद शर्मा ने देते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुरू होने के बाद शायं की उक्त कथा में बड़ी संख्या में उपस्थित गांव एवं अगल बगल गांव के श्रोतागण महाराज के श्री बचनों से सुना और काफी आनंदित हुए। कथा का नजारा ऐसा रहा कि मानों कठौली गांव श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा वृंदावन हो गई है श्रोताओं का तांता लगा रहा। उहोंने यह भी बताया कि अनवरत 9 दिनों तक जारी रहने वाली इस भागवत कथा के मुख्य श्रोता डॉ अनिल शर्मा अश्वनी कुमार शर्मा सुनील कुमार शर्मा सुभाष शर्मा प्रमोद शर्मा ( लल्लू ) प्रशांत राय कौशल राय प्रखर राय विवेक राय सत्यम राय आदित्य शर्मा ईशान शर्मा हर्षित राय सतीश कुमार शर्मा ललित कुमार शर्मा वरिष्ठ पत्रकार विमल राय तथा अधिवक्ता धीरज शर्मा रहे। कथा का समापन देर शाम हुआ। शर्मा बंधुओ ने बताया कि सातवें दिन की कथा में हवन पूजन पर आधारित होगी। भागवत कथा के इस पावन अवसर पर शर्मा बंधुओं ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने तथा कथा का अनुशरण कर जीवन को सार्थक बनाने की अपील किया है।

# न्यूज झरोखा

## श्रीराम के उद्घोष संग लहराया भगवा ध्वज, विहिप, बजरंग दल ने जन्मोत्सव पर निकाली रैली



**बारा/शंकरगढ़।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल कार्यकर्ताओं हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सर्वेश्वर हनुमान मंदिर नारीबारी से बाइक रैली निकाली। डीजे के निकाली गई बाइक रैली की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नित्यानंद ने की। नारीबारी से चलकर यह बाइक रैली जारी, गौहनिया, जसरा, बारा (जसरा प्रखंड) होते हुए शंकरगढ़ प्रखंड हनुमान निकेतन मंदिर हनुमान नगर पहुंचकर समाप्त हुई, जिसमें, विश्व हिंदू परिषद सभी पदाधिकारी और बजरंग दल के सभी के करता मौजूद रहे। इस यात्रा का आगाज जय श्रीराम के उद्घोष के साथ हुआ, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता हनुमान जन्मोत्सव में शामिल हुए। बाइक रैली में काशी प्रांत के सहमंत्री महेंद्र भाई, काशी प्रांत विभाग मंत्री महेश, जिला संगठन मंत्री सुभाष, जिला मंत्री रवि, जिला सह मंत्री मनोज, जिला सह मंत्री विवेक, जिला संयोजक राहुल, जिला धर्म प्रसार प्रमुख राजकुमार, जिला मिलन केंद्र आदर्श, नारीबारी प्रखंड अध्यक्ष बालेंद्र, नारीबारी प्रखंड मंत्री आतेंद्र, शंकरगढ़ प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद, नगर अध्यक्ष राजू समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मतदाता हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई





**नैनी।** औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई मोहम्मद कौसर प्रवेश प्रभारी ने मतदाता अभियान की सुरुवत करते हुए हस्ताक्षर किए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी की रंजना शुक्ला थी जिन्होनें सभी छात्र को वोट करने की शपथ दिलायी एवं सभी ने 25 मई को वोट करने के लिये हस्ताक्षर किये, पहले वोट करें फिर कोई काम करें।

## जनसंपर्क के दौरान बताया सरकार द्वारा कराया गया विकास कार्य



**नैनी।** नैनी भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में किया गया जनसंपर्क सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व जिला मंत्री सुशील शुक्ला संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख के नेतृत्व में कई क्षेत्रों का दौरा करके भाजपा के पक्ष में मतदान करने की ग्रामीणों से अपील की गई इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसा दल है जिसमें सभी समाज के लोगों का सम्मान एवं विकास हमारे प्रधानमंत्री का जो नारा है सबका साथ सबका विकास बीजेपी में ही संभव है इस अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व जिला मंत्री भाजपा सुशील शुक्ला वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव सेक्टर प्रभारी प्रदीप तिवारी मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा भाजपा नेता राज सिंह भाजपा नेता सुनील कुशवाहा भाजपा के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डॉ रागिनी का नुक्कड़ सभा मांडा खास में आज



**मांडा।** क्षेत्र के मांडा खास में इंडिया गठबंधन की स्टार प्रचारक डा.रागिनी सोनकर विधायिका मछली शहर जौनपुर, मगंलवार मांडा खास के भरारी मोड़ में सभा करेगी। मांडा खास भरारी मोड़ के पास नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया है। वहीं इण्डिया गठबंधन कांग्रेस के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह के समर्थन में कार्यकताओं एवं युवाओं को संबोधित करेंगी। उक्त कार्यक्रम की जानकारी सपा नेता रणजीत सोनकर ने दिया और उनके विचारों को सुनने के लिए अधिक से अधिक क्षेत्रिय लोगों को पहुचंने की अपील की है।

## अमरपुर गेट से गांजा का तस्कर गिरफ्तार

**बारा।** यमुनानगर के शंकरगढ़ थाने की पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके खिलाफ आठ मामले पहले से ही दर्ज हैं। अभियुक्त के पास से 1.3 किलोग्राम गांजा भी बरामद हुआ है। पूछताछ के बाद सुसंगत धाराओं में आरोपी का चालान भेज दिया गया है। एसआई अनुराग ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान अमरपुर गेट तिराहा के पास से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक किलो, 300 ग्राम गांजा बरामद हुआ। धरा गया अभियुक्त राजा पुत्र बच्चालाल है, जो शंकरगढ़ कस्बे के चिकान टोला का रहने वाला है।अभियुक्त के जब आपराधिक रिकार्ड की छानबीन की गई तो पता चला कि उसके खिलाफ शंकरगढ़ थाने में आठ मामले पहले से दर्ज हैं और सभी मामले शंकरगढ़ थाने में ही दर्ज हैं। आरोपी का चालान भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभुनारायण पांडेय के साथ सुजीत यादव भी शामिल रहे।

## बारा पुलिस के हत्थे चढ़ा वारंटी

**बारा।** यमुनानगर की बारा पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। एसआई शिवराम सिंह ने बताया कि न्यायालय जेएम (तृतीय) द्वारा निर्गत वारंट, मुकदमा संख्या 352/08, अ0सं0 58/98, धारा 353, 332, 504, 506 से संबंधित वारंटी मुन्नालाल यादव पुत्र छोटेलाल (निवासी सरसेड़ी, बारा) को उसी के गांव से गिरफ्तार किया गया। विधिक का?वाही करते हुए आरोपी का चालान भेज दिया गया है।

**ट्रैक्टर से ईट लादकर ले जा रहे युवक को मारा पीटा तोड़फोड़ ,मुकदमा दर्ज**

**मऊआइमा।** ट्रैक्टर से ईट लाद ले जा रहे युवक को पुरानी रंजिश को लेकर एक राय हो कर मारा पीटा गया तथा ट्रैक्टर में तोड़फोड़ की गयी। पुलिस ने सतरह नामजद एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के मदारी निवासनीय अंजू देवी पत्नी हेमंत कुमार का आरोप है कि उस का भाई ट्रैक्टर पर ईट लाद कर जा रहा था। आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर एक राय हो कर विपक्षियो ने उसके भाई को मारा पीटा और ट्रैक्टर को क्षतिग्रस्त कर दिया गया।तथा बोलने पर जान से मारने के लिए दौडा लिया गया।अंजू देवी ने मऊआइमा थाने में अमर बहादुर,गामा, चन्द्र, अमिताभ,अनारा, सचिन,वन्दना,अनुज,काशी,नीता, शिवकुमार,नीशा, उर्मिला देवी,गीता देवी,नीलम ,मीरा आदि तथा एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# सराय कंसराय में मतदान का बहिष्कार बीएलओ को पर्ची वापस

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** सराय कंसराय में सोमवार को शाम 7 बजे एक बैठक रखी गई जिसमें बीएलओ पुष्पा यादव, अमरावती देवी तथा गांव के सभी मतदाता बैठक में उपस्थित रहे। रेलवे फाटक के विषय पर चर्चा किया गया और सभी लोगों ने समर्थन किया कि इस चुनाव में हम लोग वोट नहीं करेंगे जब तक हम लोगों की मांग पूरी नहीं होगी बीएलओ द्वारा जो मतदाताओं को पर्ची दिया गया था वोट देने के लिए, सभी मतदाताओं ने अपनी पर्ची बीएलओ को वापस कर दिया और बोल दिया कि हम लोग अपने वोट का बहिष्कार करते हैं। पूरे सराय कंसराय गांव में एक भी मतदाता पर्ची नहीं लिए हैं जो लिए भी थे वह वापस कर दिए और वोट का बहिष्कार कर दिया।बूथ नंबर 35 बीएलओ पुष्पा यादव द्वारा 700 मतदाता पर्ची में से 200 पर्ची वितरण की गई थी जिसमे 500 पर्ची लोगो के घर लेकर पहुंचे तो मतदाताओं ने पर्ची लेने से मना कर दिया और 200 लोगो ने जो पर्ची लिया था वो सभी लोग पर्ची वापस कर दिया बीएलओ ने संबंधित अधिकारियों को सूचना दे दी है।बूथ नंबर 36 बीएलओ अमरावती देवी द्वारा वितरित किए हुए 500 पर्ची मतदाताओं ने वापस कर दी वहीं 500 मतदाताओं की पर्ची घर घर जाकर देने पहुंचे तो सबने पर्ची लेने से मना कर दिया बोले कि हम लोगों की एक ही मांग है फाटक नहीं तो वोट नहीं। ये सूचना बीएलओ के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है कि सराय कंसराय में एक भी पर्ची कोई नहीं लिया है।

# पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का मान सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है : डॉ विनोद बिंद

**प्रतापपुर।** पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रतापपुर कैप्टन करन सिंह द्वारा अपने निवास स्थान रस्तीपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि डॉ विनोद कुमार बिंद एनडीए गठबंधन प्रत्याशी भदोही लोकसभा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीके सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों का स्वागत कार्यक्रम आयोजकों द्वारा किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ विनोद बिंद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का मान सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है देश प्रगति पथ पर अग्रसर है, और इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 400 सीट जीतकर एनडीए गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। सभी से अनुरोध है कि अधिक से अधिक मतदान करें और लोगों को मतदान करने हेतु अपील करें।आपके मान सम्मान स्वाभिमान हेतु मैं सदैव आपके समक्ष कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा मिलूंगा। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीके सिंह ने विनोद बिंद के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए अधिक से अधिक मतदान करने हेतु अपील किया। कार्यक्रम आयोजक पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रतापपुर कैप्टन करन सिंह द्वारा आये हुए अतिथियों, पदाधिकारियों, कार्यकताओं का स्वागत अभिनंदन किया गया और भदोही लोकसभा




क्षेत्र से डाक्टर विनोद कुमार बिंद को विजयी बनाने हेतु निवेदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिश्चंद्र सिंह एवं संचालन सतीश त्रिपाठी ने किया।इस अवसर पर अजय पांडेय डीसीएफ चेयरमैन, शारदा प्रसाद त्रिपाठी, सुरेंद्र प्रताप सिंह, मुकेश दुबे, भानु पटेल, बीडी गौड़, जनराज सिंह, मनोज सिंह, रूद्रप्रताप सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, कुशलेष दुबे, राजू सिंह, डबलू तिवारी, रिंकू पांडेय, कुशलेश दुबे, टिंकू सिंह, रंजन सिंह, मलखान सिंह, सर्वजीत सिंह, जितेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह, मुन्ना चौबे, रणविजय सिंह, विशाल सिंह पिंटू सिंह, अनुज सिंह, कुनाल चतुवेर्दी, प्रकाश, अर्जुन, रवि, आकाश, गौरव, अरविंद सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने हेतु डॉ. विनोद बिंद को सांसद चुनें : डॉ वीके सिंह

**प्रतापपुर।** भदोही लोकसभा सीट से एनडीए गठबंधन प्रत्याशी डा. विनोद बिंद के समर्थन में नुक्कड़ सभा का आयोजन जिला पंचायत सदस्य अरविंद विश्वकर्मा द्वारा आराखुर्द में किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वी के सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश प्रदेश का सर्वांगीण चहुंमुखी विकास हो रहा है यह विकास अनवरत चलता रहे इसके लिए भदोही से डाक्टर विनोद कुमार बिंद को मतदान करके सांसद बनाएं सबका साथ सबका विकास यही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी का प्रयास है।कार्यक्रम को पूर्व विधान सभा प्रत्याशी ई. घनश्याम पांडेय, मंडल प्रभारी डा. पूनम पटेल ने संबोधित करते हुए विनोद बिंद को मतदान करने के लिए अपील किया।इस अवसर पर मंडल महामंत्री सुरेंद्र दुबे, मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष रीना सिंह, अखिलेश सिंह राजू यादव नहटी, पुष्पराज सिंह यादव, डिंपी पांडेय, ब्रह्मा पांडेय, प्रदीप बिंद मंडल मंत्री, सुरेंद्र बिंद सेक्टर संयोजक, रमेश विश्वकर्मा प्रधान, अनिल पटेल प्रधान, राजाराम भारतीय प्रधान, अनिल कन्नौजिया बीडीसी, विवेक यादव बीडीसी, राघवेंद्र यादव बीडीसी एवं क्षेत्र के तमाम ग्राम प्रधान, बीडीसी, सम्मानित कार्यकर्ता, कई गांव के सम्मानित नागरिकों की उपस्थिति में आने वाले 25 मई को डा. विनोद बिंद को वोट देकर विजयी बनाने का संकल्प लिया गया।

# यमुनानगर में 45 डिग्री पर पहुंचा पारा, चिलचिलाती धूप और गर्मी से लोग बेहाल

**जारी।** मानसून में हुई देरी भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, अभी कुछ दिन और गर्मी सताएगी क्योंकि मानसून में देरी की आशंका जताई जा रही है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार,30 मई तक तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहा और 22 जून के बाद थोड़ी राहत मिल सकती है लेकिन वह भी अस्थायी होगी। मौसम विज्ञानियों के अनुसार, 25 जून के बाद ही बारिश के आसार हैं। हालांकि मौसम विभाग ने कई जिलों में बारिश का अनुमान जताया है। यूपी के कुछ जिलों में भी बारिश हो सकती है। आप को बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस भीषण गर्मी के चलते सड़कें तपिश के कारण बलक रही हैं। और घरों में महिलाएं किचन में खाना बनाने से कतरा रही हैं। ना



कूलर काम कर रहा है ना पंखा ना ऐसी इस प्रचंड गर्मी से जनजीवन अस्त व्यस्त सा हो गया है। महिलाएं घरों से निकलने के लिए सूरज की तपिश से बचने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही हैं जिससे लू, से बचा जा सके। गृहणी अंजना और नीलम बताती है कि इतनी भयानक गर्मी में खाना बनाने में भी दिक्कत हो रही है। आग की तरह जल रहा है किचन खाना बनाए तो बनाए कैसे बच्चों और बुजुर्गों के लिए भी सितम ढा रही है यह गर्मी तो वही प्रयागराज उटड डॉ तरुण पाठक बताते हैं कि लू से बचाव के रोकथाम के लिए निम्न सुविधाएं बरतें कड़ी धूप में बाहर ना निकले खासकर दोपहर 12:00 से 4:00 बजे तक के बीच में जितनी बार हो सके पानी पिए प्यास ना लगे तो भी पानी पिए हल्के रंग के ढीले ढीले सूती कपड़े पहने धूप से बचने के लिए गमछा टोपी छाता धूप का चश्मा जूते चप्पल का इस्तेमाल करें अगर आपकी तबीयत ठीक ना लगे या चक्कर आए तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें घर में बना पेय पदार्थ जैसे कि लस्सी नमक चीनी का घोल नींबू पानी आम का पना आदि का सेवन करें हो सके तो ठंडे पानी से बार-बार नहाएं। इस समय बच्चों को ओ आर एस का घोल निंबू पानी तरल पदार्थों का सेवन करें। खासतौर से बच्चे और बुजुर्ग सावधानियां बरतें ताकि लू से बचा जा सके।

# भाजपाइयों ने किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रस्तावित जनसभा स्थल का निरीक्षण

## जनसभा से संबंधित कार्यों का किया गया वितरण

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की जनसभा की तैयारी को लेकर जनसभा स्थल परेड ग्राउंड में चल रहे जनसभा की तैयारी कार्य का भाजपा ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं जनसभा संयोजक दिग्विजय शाक्य, एवं क्षेत्रीय महामंत्री और जनसभा सहसंयोजक सुशील त्रिपाठी बीजेपी महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा जी ने निरीक्षण किया तत्पश्चात उन्होंने जनसभा के संदर्भ में किए जाने वाले करणीय कार्यों की समीक्षा बैठक की इस अवसर पर जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी में जानकारी दी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की जनसभा को सफल बनाने के लिए जनसभा प्रमुख दिग्विजय शाक्य जी ने जनसभा से संबंधित कार्यों का कार्यकताओं में वितरण किया उन्होंने इस अवसर पर कार्यक्रम परमिशन, मंच व्यवस्था मंच साज सज्जा , वाहन एवं वाहन पास, बस एवं साधन, वीआईपी व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, टोली व्यवस्था, आईटी विभाग ,मीडिया विभाग, लाइट एंड साउंड, व्यवस्था के आदि के प्रमुख बनाए गए। बैठक में प्रमुख रूप से कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी, दिलीप चतुवेर्दी, विवेक मिश्रा, रमेश पासी,आशीष केसरवानी, डॉक्टर एलएस ओझा, डॉक्टर बी वी अग्रवाल, पुष्पराज सिंह, संजय श्रीवास्तव, राजेश गोंड, नरेश कुंद्रा, गिरजेश मिश्रा, आनंद दुबे, मनोज कुशवाहा, श्याम चंद्र हेला, शिखा खन्ना, सविता मिश्रा, तीर्थराज पांडे,आदि रहे।

## पीएम मोदी की प्रयागराज परेड मैदान मे महारैली आज

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 21 मई को परेड मैदान में होने वाली रैली को सफल बनाने के लिए भाजपा ने ताकत झोंक दी है। सिविल लाइन स्थित महानगर कार्यालय में रविवार को हुई बैठक में 10 लाख की भीड़ पीएम की रैली में जुटाने का लक्ष्य रखा गया। रैली के संयोजक दिग्विजय सिंह होंगे। सह संयोजक क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी को बनाया गया है। रैली को सफल बनाने के लिए विधानसभा स्तर पर 200 बसें, 200 निजी साधन की व्यवस्था की जाएगी 1000 बाइक सवार युवा मोर्चा के कार्यकर्ता जनसभा स्थल परेड ग्राउंड पहुंचेंगे। रैली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ कई कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। इस बैठक में कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने कार्यकताओं रैली को सफल बनाने की अपील की। संचालन इलाहाबाद संसदीय लोकसभा के प्रभारी मनोज जायसवाल ने किया।



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जनसभा के मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी होंगे

**प्रयागराज।** 21 मई को होने वाली प्रयागराज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की विशाल जनसभा के संयोजक भाजपा बृज क्षेत्र के अध्यक्ष दिग्विजय शाक्य एवं सहसंयोजक। क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी होंगे उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की विशाल जनसभा की मीडिया कवरेज के लिए भाजपा जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी, दिलीप चतुवेर्दी एवं विवेक मिश्रा को प्रधानमंत्री जी की जनसभा का मीडिया प्रभारी एवं मीडिया सह प्रभारी नियुक्त किया।

# पीएम मोदी को वेलकम करेंगी महिला मोर्चा की टीम



**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा को ऐतिहासिक सफल बनाने के लिए भाजपा महिला मोर्चा की टीम ने भी पूरी तैयारी कर रखी है। मोर्चा पीएम मोदी का वेलकम करेगी। इसके लिए टीम की महिलाएं भगवा साड़ी और सिर पर टोपी गले में पट्टा डाले नजर आएंगी। जनसभा से पहले सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने महिलाओं के साथ बैठक के दौरान कहा कि नरेंद्र मोदी महिलाओं को 33 % आरक्षण देकर ऐतिहासिक काम किया है और महिलाओं को समाज में मान सम्मान दिलाने उन्हे आत्म निर्भर बनाने का बीड़ा उठाया है अन्य तमाम सुविधाएं योजनाएं महिलाओं के हित के लिए लागू की हैं। अब महिलाओं की बारी है कि एक विशाल संख्या में पीएम मोदी की जनसभा में पहुंचकर उनका धन्यवाद ज्ञापित करें। इस दौरान पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, जिला अध्यक्ष शिखा रस्तोगी महामंत्री रीता सिंह, मीडिया प्रभारी चन्द्रा अहलूवालिय, शशि वार्ष्णेय,शोभित श्रीवास्तव, विजयलक्ष्मी सिंह, स्वाति गुप्ता, रेनू श्रीवास्तव एवं अन्य महिलाएं मौजूद थी।

# नैनी में बाइक रैली निकाल कर वार्ड नंबर 20 के पार्षद जाएंगे परेड ग्राउंड

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी।** नैनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दोपहर में प्रयागराज लोकसभा के लिये आयोजित विशाल जनसभा को परेड ग्राउंड प्रयागराज में संबोधित करेंगे सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के लिए जिसमें साथी कार्यकताओं के साथ नैनी चक रघुनाथ वार्ड नंबर 20 के पार्षद व व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी का एक बैठक डाकखाने के पास आकाश होटल में करवाई गई। जिसमें सभी कार्यकताओं से प्रधानमंत्री की विशाल जनसभा को सफल बनाने के लिए। पार्षद राकेश जायसवाल ने यह ऐलान किए हैं कि दो सौ बाइक रैली निकालकर नैनी के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए। परेड ग्राउंड पहुंचेंगे प्रधानमंत्री के विशाल जनसभा को सफल बनाएंगे इस अवसर पर। हरे कृष्णा तिवारी बबलू मंडल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी रविंद्र त्रिपाठी जय किशन तिवारी धर्मराज पटेल पिंटू जैन आकाश वर्मा धीरज केसरवानी राजेश गौड़ सोनू मिश्रा राजेश शर्मा अकबर प्रिंस भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हाईकोर्ट में गैंगस्टर मामले में अफजाल अंसारी की सुनवाई फिर टली

**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव में गाजीपुर से सपा प्रत्याशी सांसद अफजाल अंसारी को गैंगस्टर मामले में मिली चार साल कैद और एक लाख रुपये जुमार्ने की सजा पर इलाहाबाद हाइकोर्ट में सोमवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन सुनवाई टल गई। अब इस मामले में बहस मंगलवार यानी 21 नवंबर को होगी।गैंगस्टर मामले में मिली सजा को अफजाल अंसारी ने रद्द करने के लिए अपील दाखिल की है, तो सजा बढ़ाने के लिए सरकार और कृष्णानंद राय के परिजनों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इन सभी मामलों की एक साथ सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की अदालत कर रही है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक इन मामलों का निस्तारण हाईकोर्ट को 30 जून तक करना है।

# पीएम मोदी की रैली को लेकर डटे भाजपा के दिग्गज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** आज 21 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की होने वाली रैली को लेकर सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय से लेकर रैली स्थल परेड ग्राउंड तक मैराथन बैठक का दौर जारी रहा। फूलपुर व इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा संयोजक प्रभारी मंडल अध्यक्ष एवं मोर्चा अध्यक्षों के साथ रैली व्यवस्था में लगाए गए कार्यकताओं के साथ बैठक में पीएम की जनसभा को ऐतिहासिक बनाने की रूपरेखा तैयार की गई। लगभग 1000 से अधिक बसों का बेड़ा लगाने की तैयारी बनाई गई है। 2 लाख लोग रैली में शामिल होंगे। इसके अलावा दो पहिया, ई रिक्शा एवं निजी साधनों से लोगों को जनसभा स्थल तक पहुंचने का खाका तैयार किया गया है। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा की पीएम मोदी की रैली को सफल बनाने की जिम्मेदारी पार्टी के मेहनती कार्यकताओं पर है और अभी तक कार्यकताओं ने अपने मेहनत लगन से पार्टी को इस ऊंचाई पर पहुंचाया है। पीएम की रैली को लेकर अब कुछ ही समय शेष है और उसे सफल ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकर्ता पूरे जी जान से लग जाएं। मतदान से पहले तक चैन से नहीं बैठना है। सोमवार को पीएम मोदी के जनसभा स्थल परेड ग्राउंड में पार्टी पदाधिकारियों कार्यकताओं ने निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।



## ढोल नगाड़ों संग शंख घंटा घड़ियाल की ध्वनि से गूंजेगा जनसभा स्थल

पीएम मोदी की जनसभा को ऐतिहासिक और प्रभावी बनाने के लिए भाजपा कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती। इसके लिए जनसभा स्थल से लेकर वहां पहुंचने तक ढोल नगाड़ों एवं शंख की ध्वनि के साथ घंटा घड़ियाल की ध्वनि तरंगों से वातावरण गुंजायमान होगा। इसके लिए कार्यकताओं की टीम भी बनाई गई है जो इस पूरे इंतजाम को देखेंगे। जनसभा स्थल पर रंगोली आदि बनाने की भी तैयारी की जा रही है। महिला मोर्चा की टीम भगवा साड़ी में नजर आएगी जबकि भाजयुमो के कार्यकर्ता "मोदी का परिवार" लिखी टी शर्ट में नजर आएंगे। कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, राज्य सभा सदस्य अमर पाल मौर्य, विधायक पीयूष रंजन निषाद, प्रयागराज महानगर प्रभारी महेश चंद्र श्रीवास्तव, महापौर गणेश केसरवानी, रीता बहुगुणा जोशी, अभिलाषा गुप्ता, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, कविता पटेल, मनोज जायसवाल, बालेंदु मणि त्रिपाठी, गुरु प्रसाद मौर्य, शिवदत्त पटेल, दुर्विजय शाक्य, विनोद प्रजापति, राजमणि कोल, कुलदीप मिश्र, विवेक मिश्र राजेश केसरवानी, आनंद दुबे दिलीप चतुवेर्दी, अनिल केशरवानी झल्लर, आशीष केसरवानी, आशीष द्विवेदी, आदि उपस्थित रहे।

# गर्मी का कहर जारी, आसमान से बरस रही आग...



**प्रयागराज।** चिलचिलाती धूप और रिकॉर्ड तोड़ गर्मी का कहर जारी है। इसकी वजह से लगातार तीसरे दिन प्रयागराज का अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के ऊपर बना रहा। रात में भी तापमान में कोई खास गिरावट नहीं देखी गई। इससे रात का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के ऊपर रहा। इससे लोगों को रात में भी गर्मी का एहसास होने लगा है। वहीं सोमवार को सुबह से ही गर्मी ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया था, जिसकी वजह से सड़क भट्ठी की तरह तपी तो गर्मी से कई लोगों को सिर चकराने, उल्टी, दस्त व सर्दी, जुकाम, बुखार की भी समस्या हुई। मौसम विभाग के अनुसार जब अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार जाता है, तो हीट वेव का खतरा बढ़ जाता है। हीट वेव का खतरा हर वर्ग के लोगों को रहता है। मगर इनमें सबसे ज्यादा परेशानी मधुमेह के मरीजों को होती है, क्योंकि अत्यधिक गर्मी से मधुमेह के मरीजों का शुगर लेवल बढ़ जाता है, जिसे नियंत्रित करने में काफी मुश्किल होती है। इससे हीट वेव का खतरा बढ़ जाता है। मधुमेह के मरीजों के लिए गर्मियों में डिहाइड्रेशन सबसे बड़ा खतरा है। डायबिटीज के मरीजों को गर्मियों में हाईड्रेशन को बेहतर रखना चाहिए। ऐसे में गर्मी के दिनों में घर से बाहर निकलते समय अपने साथ पानी की बोतल जरूर रखें और थोड़ी-थोड़ी देर में पीते रहें। फिलहाल मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस पूरे हफ्ते हीट वेव का खतरा है। तापमान में वृद्धि होगी और लू चलेगी।

# रोडवेज की चपेट में आने से बुजुर्ग की दर्दनाक मौत

**अखंड भारत संदेश**

### उपरदहां गांव के पास हुआ हादसा



**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे ऊपरदहा गांव के पास रोडवेज की चपेट में आने से बाइक सवार वृद्धि की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया।दिनेश चंद्र पांडेय (60) निवासी चंदापुर दरवांसी थाना कोइरौना, जिला भदोही मोटरसाइकिल से अपने बड़े बेटे पंकज पांडेय को छिउकी स्टेशन नैनी छोड़ने गए थे। वहां से समय करीब सुबह के 6:30 बजे वापस घर जा रहे थे कि वह जैसे ही नेशनल हाइवे ऊपरदहा गांव के करीब पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज की चपेट में आ गए। जिसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।घटना के बाद वहां सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गए। लोगों ने इसकी जानकारी बरौत पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया। घटना के बाद मौके पर पहुंचा बेटे पंकज ने विलखते हुए बताया कि मेरे पिता मुझे छोड़ने छिउकी स्टेशन के लिए निकले थे। लेकिन मेरा दुर्भाग्य था कि मैने ही अपने पिता को झूंसी से ही वापस जाने के लिए बोल दिया। मुझे लगा कि अब मैं यहां से ऑटो पड़कर आराम से समय पर स्टेशन पहुंच लूंगा, क्योंकि मुझे अहमदाबाद जाना था। मुझे क्या पता था कि मेरे पिता अब मुझे हमेशा के लिए छोड़ कर चले जाएंगे।

## छात्रा ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के बजहा राजुपुर गांव में एक 17 वर्षीय छात्रा ने सोमवार की शाम फाँसी लगा कर खुदखुशी कर ली। छात्रा की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। राजुपुर निवासी राकेश कुमार केशरवानी पुत्री निकिता 17 ने कमरे में रस्सी के सहारे फाँसी लगा ली। फंदे पर लटकी बेटी पर जब पिता की नजर पड़ी तो वह दंग रह गए आनन फानन में उसे फंदे से नीचे उतारा गया तब तक उसकी मौत हो गई थी सूचना पर पहुंची पुलिस ने निकिता के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। निकिता इस वर्ष इंटर की परीक्षा पास की थी जिससे परिजन खुश थे। उसने फांसी क्यों लगाई यह कोई नहीं बता पाया।

# शंकरगढ़ के हिमांशु ने लंकन चैम्पियन ट्राफी में सीरीज पर जमाया कब्जा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** श्रीलंका में भारतीय टीम ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए लंकन चैंपियन ट्रॉफी टेनिस बॉल क्रिकेट श्रृंखला पर 3-0 से कब्जा कर भारत का नाम रोशन किया। लंकन चैंपियन ट्रॉफी टेनिस बाल क्रिकेट श्रृंखला में शंकरगढ़ के हिमांशु सिंह छाए रहे। उन्होंने पहले मैच में बल्लेबाजी करते हुए 32 रनो का योगदान दिया और दूसरे मुकाबले में 21 रन बनाए। भारत ने पहले मुकाबले में 14 रन, दूसरे मुकाबले में 19 रन और तीसरे में 8 रन से जीत कर सीरीज अपने नाम किया।हिमांशु सिंह ने टेनिस बॉल क्रिकेट की अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप में यह लगातार अठवा स्वर्ण पदक हासिल कर भारत का नाम रोशन किया है। हिमांशु के साथ साथ उत्तर प्रदेश के प्रतीक त्रिपाठी और अमन राज ने भी शानदार प्रदर्शन किया। चैम्पियन ट्राफी में आठवीं बार स्वर्ण पदक हासिल करने पर बधाई देने वालों में समाजसेवी अनूप केसरवानी, सभासद सुजीत केसरवानी, सभासद सुधा गुप्ता, विनीत सिंह, बद्री विशाल सिंह, समाजसेवी सूर्य निधान पांडेय, धर्मेंद्र सिंह, भानु प्रताप सिंह, सत्यम सिंह, सुरेंद्र श्रीवास्तव, कुशल जैन आदि रहे।

### प्रयागराज-लखनऊ के बीच कनेक्टिविटी को लेकर अफसरों की लापरवाही पड़ रही भारी

# डेढ़ दशक बाद भी फोरलेन नहीं हो सका मार्ग

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** लगभग डेढ़ दशक पहले की बात है। लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग रायबरेली से लखनऊ तक फोरलेन हो गया मगर रायबरेली से प्रयागराज तक यह हाईवे फोरलेन अब तक नहीं हो सका। कांग्रेस की सरकार ने लखनऊ से रायबरेली तक सड़क बेहतरीन बनवा दी और फिर भाजपा सरकार आने पर रायबरेली से प्रयागराज तक यह सड़क आज तक चौड़ी नहीं हो सकी। उच्च न्यायालय के जोर देने पर लगभग तीन वर्ष पहले इसका काम शुरू हुआ।सरकार ने महाकुंभ 2025 को लेकर इस सड़क परियोजना को अपनी महात्वाकांक्षी परियोजनाओं में शामिल कर लिया। इसके बाद भी यह सड़क महाकुंभ के पहले फोरलेन होते नहीं दिख रही है। जबकि इस सड़क के फोरलेन हो जाने से प्रयागराज से लखनऊ के बीच आवागमन में समय के साथ ही ईंधन की भी बचत हो सकेगी। हादसों पर अंकुश लग सकेगा तो कारोबार भी बढ़ेगा।

## फर्जी किन्नर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**झूंसी।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने शिकायत पर सोमवार को एक फर्जी किन्नर को गिरफ्तार किया। बाद में उसे निजी मुचलके पर छोड़ दिया। फर्जी किन्नर की गिरफ्तारी की जानकारी मिलते ही किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्यानंदन भी थाने पर पहुंची और पकड़े गए फर्जी किन्नर पर किन्नर समाज को बदनाम करने का आरोप लगाया। पुलिस ने बताया कि झूंसी में काफी दिनों से फर्जी किन्नर द्वारा लोगों को परेशान करने की जानकारी मिल रही थी सोमवार को मुकुंदपुर के रहने वाले राजेंद्र प्रसाद ने लिखित शिकायत की कि गांव का ही एक युवक फर्जी किन्नर बनकर हम लोगों को परेशान कर रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मुकुंदपुर के रहने वाले फर्जी किन्नर आलोक कुमार उर्फ पूजा को गिरफ्तार कर थाने लाई फर्जी किन्नर के गिरफ्तारी की जानकारी मिलते ही किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर कौशल्या नंदन झूंसी थाने पहुची और आलोक कुमार के फर्जी किन्नर होने की पुष्टि की।

# 25 मई को बूथ पर जाकर मतदान करना आपका जन्म सिद्ध अधिकार है : दुकानजी

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** प्रयागराज के चुनाव निर्वाचन के स्वीप आई कान राजेन्द्र कुमार तिवारी दुकानजी आपसब से निवेदन करते की आने वाली 25 मई को आप ओर हम मतदान करने जा रहे है याद रखें यह मतदान किसी स्थानीय प्रधान क्षेत्र पंचायत नगर पंचायत पालिका अध्यक्ष का नही हो रहा है इसलिए टूटी सड़के पानी बिजली आदि की व्यवस्थाऐं कैसी हैं कचरा प्रबंधन कैसा है ये सब स्थानीय प्रशासन के विषय हैं ठीक इसी प्रकार हम किसी राज्य का मुख्यमंत्री भी नही चुनने जा रहे हैं जिससे की राज्य के बारे में सोचें तीसरा हम किसी जाति या समुदाय का चुनाव नही करवा रहे जिससे की चुना हुआ जनप्रतिनिधी उसी जाति या समुदाय का ध्यान रखे वह सबका होता है हम एक हिन्दुस्तान का प्रधानमंत्री चुनने जा रहे हैं जो कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा इसलिए हमें ऐसा प्रधानमंत्री चुनना चाहिऐ जिसकी तरफ पूरी दुनिया आकर्षित हो और हमारे देश को दुनिया मे महत्वपूर्ण स्थान मिले हमें ऐसा प्रधानमंत्री चाहिए जो भारत का नाम दुनिया में ऊंचा कर सके हमे ऐसा प्रधानमंत्री चाहिए जो भारत ही नहीं वरन पूरी दुनिया में फैल रहे आतंकवाद को जवाब दे सके व उसको खत्म करने का मजबूत संदेश पूरी दुनिया को दे सके हमे ऐसा प्रधानमंत्री चाहिए जो अथक काम करते हुऐ हमारे देश की जनता को आधारभूत सुविधाऐं दे सके हमे ऐसा प्रधानमंत्री चाहिए जिसके दिल व दिमाग मे अपने परिवार समाज के बजाय राष्ट्र प्रथम की भावना हो जो देश को झुकने नहीं देने की भावना रखता हो हमें यह अवसर पांच साल में एक बार ही मिलता है अतः आईये हम सब इस अवसर का भरपूर उपयोग करें व देश व राष्ट्रहित में नई व मजबूत सरकार के गठन के लिऐ अपने कर्तव्य का पालन करते हुए मताधिकार का प्रयोग करें व अपने आस पास सभी का मतदान जरूर हो यह भी सुनिश्चित करें।

# कौशाम्बी संदेश





## अव्यवस्थाओं के बीच कौशांबी में हुआ 52.60 प्रतिशत मतदान

### मतदाता सूची में बड़ी खामियां मतदान बिना लौटे लोग कई जगह हुई वोटिंग मशीन खराब जिससे बार बार मतदान हुआ प्रभावित, बदइंतजामी के चलते कड़ी धूप में घंटो मतदाताओं को लाइन में खड़े रहकर करना पड़ा अपनी बारी का इंतजार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में कौशांबी सुरक्षित लोकसभा सीट में प्रशासन के बदइंतजामी के बीच 52 .60 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है सूचना विभाग के द्वारा दिए गए जानकारी के मुताबिक कौशांबी जनपद का फाइनल मतदान प्रतिशत 54.88 तथा कौशांबी लोकसभा का मतदान प्रतिशत 52.60 रहा प्रशासनिक बदइंतजामी का आलम यह था कि कई मतदान केदो में सुबह से ही वोटिंग मशीन खराब हो गई जबकि मशीन को दुरुस्त करने के लिए निर्वाचन आयोग ने पहले ही समय दिया था मशीन चेक की गई लेकिन औपचारिकता निभा कर मशीन रख दी गई और मतदान केंद्र में वोटिंग मशीन भेज दिया गया जिससे मतदान केंद्र में मशीन खराब के चलते मतदान प्रतिशत प्रभावित हुआ मूरतगंज के बराई सलेमपुर सहित तमाम मतदान केदो में बार-बार वोटिंग मशीन खराब होने के चलते मतदान का प्रतिशत कम रहा तमाम मतदान केदो में मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किया गया जबकि कई महीने से मतदाता सूची बनाए जाने की जिम्मेदारी अधिकारियों को दी गई थी उसके बाद भी मतदाता सूची पूरी तरह से दुरुस्त नहीं हो सकी जिससे लोकसभा चुनाव 2024 में कौशांबी सुरक्षित सीट पर मतदान प्रभावित हुआ और मतदान का प्रतिशत नहीं बढ़ सका तमाम मतदान केंद्र पहुंचे मतदाताओं का नाम जब सूची में नहीं मिला तो मतदान केंद्र से तमाम मतदाताओं को बिना मतदान किए वापस लौटना पड़ा लोकसभा चुनाव कौशांबी सुरक्षित सीट पर प्रशासनिक वद इंतजामी की हालत यह थी कि कड़ी धूप के बीच मतदाताओं को छावनी की व्यवस्थाएं नहीं की गई जिससे कड़ी धूप में घण्टो मतदाताओं को लाइन में खड़े होकर अपनी बारी आने का इंतजार करना पड़ा शरीर से कमजोर शुगर ब्लड प्रेशर हार्ट और विभिन्न गम्भीर मर्ज से पीड़ित तमाम मतदाता घण्टो लाइन में खड़े होने के चलते बेचैन हो उठे हैं जबकि निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्र में छावनी की व्यवस्था कराए जाने का निर्देश दिया था लेकिन मतदान केदो में छावनी की पर्याप्त व्यवस्था प्रशासन नहीं कर सका जिससे लोकसभा चुनाव में प्रशासनिक बदइंतजामी का अंदाजा लगाया जा सकता है मतदान कर्मियों के बैठने के स्थान पर तो कूलर पंखे की व्यवस्था की गई थी लेकिन जिन्हें सरकार चुनने का अधिकार है उन मतदाताओं को घण्टो कड़ी धूप में खड़े होकर मतदान करने के लिए इंतजार करना पड़ा उन्हें कूलर पंखे की व्यवस्था नहीं मिली उन्हें बैठने की व्यवस्था नहीं मिली उन्हें पानी पीने की व्यवस्था नहीं मिली जिससे कड़ी धूप में तमाम मतदाता व्याकुल रहे बदइंतजामी के बीच मतदाताओं की सुनने वाला कोई नहीं था।

### मतदाताओं से छीन लिए उनके अधिकार

**कौशाम्बी।** मतदाता सूची में गड़बड़ी के चलते प्रशासनिक बदइंतजामी से तमाम मतदाताओं से उनके अधिकार छीन लिए गए हैं उन्हें मतदान करने से वंचित कर दिया गया है मतदाता सूची में मतदाताओं का नाम शामिल कर दिया जाता तो उन्हें मतदान करने का अधिकार मिल जाता लेकिन बदइंतजामी के चलते मतदाता सूची में तमाम मतदाताओं का नाम शामिल नहीं किया गया जिससे मतदाताओं को अपने अधिकार से वंचित कर दिया गया है जो प्रशासन की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है आखिर किस साजिश के तहत तमाम मतदाताओ के नाम मतदाता सूची में शामिल नही हो सका है या फिर सरकारी मशीनरी की लापरवाही के चलते मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में छूट गए हैं।

### 252 विधानसभा मंझनपुर की मुहर लगाकर जारी किया गया मीडिया पास

**कौशाम्बी** लोकसभा चुनाव 2024 में सुरक्षित सीट कौशांबी में मतदान की खबर कवरेज करने के लिए पत्रकारों को जारी किए गए मीडिया कार्ड में तमाम पत्रकारों के मीडिया कार्ड में विधानसभा 252 मंझनपुर की मुहर लगाई गई है सहायक सूचना अधिकारी द्वारा जारी किए गए मीडिया कार्ड में 252 विधानसभा मंझनपुर की मुहर लगाए जाने के बाद तमाम सवाल खड़े हो गए हैं आखिर 2 वर्ष पहले विधानसभा का चुनाव संपन्न हो चुका है लोकसभा चुनाव में विधानसभा मंझनपुर की मुहर लगाकर मीडिया कार्ड जारी करने का क्या मतलब था विधानसभा चुनाव में अलग अधिकारी तैनात किए गए थे जब कि लोकसभा चुनाव में अलग अधिकारी तैनात किए गए हैं तो आखिर विधानसभा में तैनात किए गए अधिकारियों की मुहर का क्यों उपयोग किया गया है जिला निर्वाचन अधिकारी और प्रेक्षक ने सहायक सूचना अधिकारी के इस कारनामे को संज्ञान लेकर जांच करते हुए इन्हें दंडित करेंगे या फिर सरकारी मशीनरी है भूल होती रहती है कहकर के मामले को दबाने का प्रयास किया जाएगा।

## निर्वाचन अधिकारी के आश्वासन पर माने ग्रामीण, 5 घण्टे देरी से शुरू हुआ मतदान

अखंड भारत संदेश

### हिसामपुर माढो ग्राम सभा के ग्रामीणों ने समाधान नहीं तो मतदान नहीं का नारा लगाकर चुनाव का किया था बहिष्कार



**अझुवा कौशांबी।** सिराथू तहसील के ग्राम सभा मा ढो के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर बहिष्कार कर दिया सुबह 7 बजे से मतदान होना था किंतु ग्रामीणों ने रेलवे अंडर पास की मांग करते हुए मतदान का बहिष्कार कर दिया ग्राम प्रधान वीरेंद्र कुमार ने बताया उनके गांव में कई मजरे पड़ते हैं बनियन का पुरवा मजरे से छोटे छोटे बच्चे प्राइमरी स्कूल में पढ़ने आते हैं,रेलवे लाइन के पास इंटर कालेज है, हमारे गांव से अझुवा समेत, लोंहदा,पथरावा सहित दर्जनों गांव का एक मात्र रास्ता रेलवे अंडर पास है जो ब्रिटिश कालीन बनाया गया था बरसात के दिनों में 3 माह बराबर पानी भरा रहता है जिससे पंनचक्की लगाकर निकलवाते हैं तभी लोगों का आवागमन बन पाता है जिसकी शिकायत कई बार जिम्मेदारों से की गई किंतु जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया इसलिए पूरे गांव के लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया। दोपहर 12 बजे तक मतदान बहिस्कार की सूचना पर जिले के प्रशासन में हड़कंप मच गया इस दौरान उपजिला अधिकारी सिराथू और क्षेत्राधिकारी सिराथू ने मतदान के लिए ग्रामीणों से गुजारिश की किंतु ग्रामीण जिला निर्वाचन अधिकारी का आश्वासन बिना मतदान को तैयार नहीं हुए मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम ,सीडीओ,डीपी आर ओ,राजनीति दल के नेता पहुंचे हैं डीएम ने कहा आचार संहिता के बाद जो भी अपने स्तर से हो सकेगा उस पर समाधान किया जाएगा ऐसा आश्वासन पर ग्रामीणों ने 12.20 के बाद मतदान शुरू किया है।

### करोड़ों खर्च के बाद लंच पैकेट की गुणवत्ता से हुआ समझौता

**कौशांबी।** लोकसभा चुनाव में कर्मचारियों को भोजन देने के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च किया जाता है जिसमें निर्वाचन कार्यालय के लोगों द्वारा भोजन सप्लाई की जिम्मेदारी अपने खास लोगों को सौंप दी जाती है लंच पैकेट की सप्लाई में उनसे मोटा कमीशन वसूला जाता है इतना ही नहीं लंच पैकेट की गिनती में भी बड़ा खेल होता है जितना लंच पैकेट सप्लाई होता है उससे डेढ़ से दो गुना का बिल लगाकर ठेकेदार को भुगतान कर दिया जाता है निर्वाचन कार्यालय में हेराफेरी की यह व्यवस्था पहली बार नहीं है इसके पहले के भी चुनाव में लंच पैकेट की गुणवत्ता से समझौता करते हुए घटिया क्वालिटी का भोजन सप्लाई कर ठेकेदार से कमीशन वसूला गया है।

### भोजन पैकेट का सैंपल लेकर गुणवत्ता और वजन की नहीं की जांच

**कौशांबी** लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को भोजन की व्यवस्था कराए जाने के लिए वितरित किए गए लंच पैकेट में जमकर कमीशन बाजी हुई है लंच पैकेट में गुणवत्तापूर्ण भोजन कर्मचारी तक नहीं पहुंचा है छोटी-छोटी पूड़ी थोड़ी सी सब्जी देकर के ठेकेदार ने कर्मचारियों का पेट भरने की कोशिश की है लंच पैकेट की पूड़ी इस कदर खराब हो गई थी कि वह खाने योग्य नहीं थी इतनी कठोर पूड़ी हो गई थी कि वह लकड़ी बन गई थी जबकि भोजन पैकेट के टेंडर में गुणवत्ता पूर्ण भरपेट भोजन दिए जाने की बात थी लेकिन भोजन पैकेट में वजन कम कर दिया गया है इसके साथ-साथ भोजन की क्वालिटी भी खराब कर दी गई है।

### रैली प्रचार प्रसार में करोड़ों खर्च नहीं बढ़ा खास मतदान प्रतिशत

**कौशांबी।** लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बार-बार मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई बैनर पोस्टर स्लोगन मेहंदी प्रतियोगिता और अन्य माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया गया लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की बदइंतजामी के चलते मतदान प्रतिशत नहीं बढ़ सका है तमाम स्थानों पर मतदाताओं ने मतदान का बहिष्कार कर दिया जबकि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए करोड़ों रुपए निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रचार प्रसार रैली व अन्य कार्यों में खर्च किया गया है आखिर जब मतदान प्रतिशत बढ़ाने में प्रशासनिक अधिकारी नाकाम रहे तो करोड़ों खर्च करके मतदाता जागरूकता रैली वा अन्य प्रचार प्रसार की क्या जरूरत थी।


## लोकसभा चुनाव : न्यूज झरोखा

### मतदान केंद्र में कौशांबी सांसद विनोद सोनकर चुनाव चिन्ह कमल का प्रचार करते रहे



**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव 2024 में 18 मई की शाम को चुनाव प्रचार बंद हो गया है लेकिन उसके बाद भी भाजपा प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर चुनाव चिन्ह कमल का फूल लगाकर चुनाव प्रचार करते देखे गए हैं मतदान के दौरान कौशांबी सांसद विनोद सोनकर लाइन में खड़े होकर चुनाव चिन्ह कमल का प्रचार करते रहे लेकिन मतदान बूथ पर मौजूद न तो पैरामिलेट्री की फोर्स ने उनको चुनाव चिन्ह लगाने से मना किया है ना स्थानीय पुलिस ने उन्हें चुनाव चिन्ह लगाने से मना किया है यहां तक की पीठासीन अधिकारी ने भी उन्हें चुनाव चिन्ह लगाने से मना नहीं किया है जिससे लोकसभा चुनाव में मतदान के दौरान पारदर्शिता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### चारपाई में लेट कर मतदान केंद्र पहुंचा घायल व्यक्ति



**करारी कौशांबी।** लोकसभा चुनाव में मतदान देने का लोगों को अंदर जुनून दिखाई पड़ा है मतदाता अपना एक मत खराब नहीं करना चाहते थे बूढ़े विकलांग बीमार व्यक्ति भी मतदान केंद्र तक पहुंचे हैं और मतदान किया है इसी तरह का एक मामला बराई बंधवा गांव का सामने आया है बराई बंधवा गांव में बड़े जोश के साथ वोट डाले गए हैं 20 दिन पहले एक्सीडेंट में पैर फैक्चर हो गया था उसके बाद भी चारपाई में लेट करके मतदान केंद्र तक मतदाता पहुंचा है मतदाता बोला कि हम अखिलेश यादव से बहुत प्यार करते है इसलिए वोट किया है।

## दोस्तो संग गंगा नहाने गए युवक की 23 घण्टे बाद मिली डेड बॉडी

**कौशाम्बी।** दोस्तों के साथ गंगा नहाने गए युवक की गहरे पानी में जाने से डूब कर मौत हो गई है। साथ आए दोस्तो ने युवक को गंगा में डूबते देखा तो शोर मचाया,शोर सुनकर ग्रामीण दौड़ आए और खोजने में जुट गये। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस भी स्थानीय गोताखोर के माध्यम से गंगा में डूबे युवक को खोजने में जुट गई है। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बदनपुर गंगा घाट की है जहां चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव निवासी चौबेलाल रैदास का 20 वर्षीय पुत्र अजय कुमार रविवार की सुबह 8:30 बजे गांव के ही कई दोस्तो के साथ बदनपुर गंगा घाट पर गंगा स्नान करने गया था। वह दोस्तों के साथ गंगा पार करते समय गहरे पानी में जाने के कारण समा गया। साथियों के शोर मचाने पर पड़ोस के गांव के लोग इकट्ठा हो गए। सूचना पर पहुंची हर्रायपुर चौकी पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों के माध्यम से युवक को खोजने में जुट गई है। युवक के डूबने की सूचना जैसे ही उनके परिजनो को मिली वह भी रोते बिलखते गंगा घाट पर पहुंच गए। ग्यारह घण्टे बीत जाने के बाद भी अजय की डेड बॉडी को गोताखोर पुलिस बल खोजने में नाकाम रही। युवक की डेड बॉडी खोजते - खोजते अंधेरा हो जाने के कारण गोताखोर पुलिस बल अपने स्थान को रवाना हो गए। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक के परिजनों ने सारी रात्रि श्रृंगवेरपुर ओवर ब्रिज पर बैठ कर मृतक की डेड बॉडी का इन्तजार करते रहे फिर भी डेड बॉडी नहीं दिखाई दी है। मृतक के गांव का कोटेदार मनोज कुमार पुत्र अदालती प्रसाद ने अपने साथियों के साथ सुबह 6 बजे बदनपुर घाट पहुंच कर एक निषाद के माध्यम से एक हजार रूपए में भाड़े पर एक नाव करके मृतक की खोज बीन करने के लिए निकल पड़े। जैसे ही सुबह 7:20 बजे जहानाबाद घाट के सामने पहुंचे ही थे उसी समय घाट के किनारे डेड बॉडी तैरती हुई दिखाई दी तो परिजनों ने डेड बॉडी को पहचाना 23 घण्टे बीत जाने के बाद मृतक की डेड बॉडी मृतक के परिजनों को मिली तो परिजनों ने संदीपन घाट पुलिस को सूचना दिया। संदीपन घाट पुलिस मौके पर पहुंच कर डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेजा है। डेड बॉडी को देखकर परिजनों का रो - रोकर बुरा हाल है।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बिद्यर्थियो की शिक्षा चौपट कर रैली में किया शामिल

**कौशांबी।** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बीते कई महीने से प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा ड्रामेबाजी की जाती रही लेकिन उसके बाद भी लोकसभा चुनाव में कौशांबी का मतदान प्रतिशत कोई खास नहीं बढ़ सका है प्रशासनिक वदइंतजामी का आलम यह था कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्कूल के विद्यार्थियों की भी शिक्षा चौपट कर दी गई है एक तरफ स्कूल के शिक्षकों की ड्यूटी मतदाता सूची से लेकर जन जागरूकता अभियान और रैली में लगाई गई जिससे शिक्षण कार्य बाधित हुआ दूसरे तरफ जन जागरूकता रैली में स्कूलों के छात्र-छात्राओं को शामिल कर उनकी शिक्षा व्यवस्था चौपट कर दी गई आखिर जिन छात्र छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने का अधिकार है उन्हें मतदान देने का अभी अधिकार नहीं मिला है उन्हें क्यों मतदाता जागरूकता रैली में शामिल किया गया है छात्र-छात्राओं का भविष्य बर्बाद करने के बाद भी मतदान का खास प्रतिशत प्रशासनिक अधिकारी नहीं बढ़ा सके जिससे प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## 4 घंटे विलंब से शुरू हुआ मतदान

### पहली बार मतदान करने का अधिकार मिलने पर सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने प्रसन्नता जाहिर की




**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद अंतर्गत भरवारी बहेरिया गांव में विकाश न होने पर ग्रामीरो ने लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार की घोषणा कर दी मतदान बहिष्कार करने की जानकारी मिलने के बाद अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए मौके पर अधिकारी पहुंचे काफी देर तक ग्रामीणों को मतदान करने के लिए मनाया जाता रहा लेकिन ग्रामीण विकास योजना की बात करते रहे ग्रामीणों ने कहा कि उनके क्षेत्र में विकास नही हुआ है एस डी एम चायल ए डी एम एवम तमाम उच्च अधिकारियों के आने पर बहुत समझाने बुझाने और लोकसभा चुनाव के बाद क्षेत्र में विकास कराए जाने का लिखित देने पर चार घंटे बाद गांव वालो ने अधिकारियों की बातो को मानकर अपने वोटो को डालने का फैसला किया तब 4 घंटे बाद मतदान शुरू हो सका है। जिन मतदाताओं को पहली बार मतदान का अधिकार मिला है वह प्रसन्न दिखाई पड़े हैं जीवन में पहली बार मतदान करने का अधिकार मिलने पर सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने प्रसन्नता जाहिर की है उन्होंने कहा है कि अपने जीवन में। 18 वर्ष पूरा करने पर देश हित एवम लोकतंत्र की रक्षा के लिऐ पहली बार अपने मतधिकार का प्रयोग करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जिससे मैं बहुत ही खुश हू तेज धूप के चलते मतदान केंद्र जाने वाले तमाम मतदाता परेशान दिखाई पड़े हैं और घर से मतदान केंद्र के बीच रास्ते मे थोड़ा आराम करते हुए वह मतदान केंद्र पहुंचे हैं आराम करने के दौरान राजनीति पर भी चर्चा होती रही है किसका किसका पालन भारी है और इस बार किसका जाना जरूरी है मतदाताओं के बीच में यह चर्चा होती रही क्षेत्र में शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हो गया है।

### घर से पोलिंग बूथ तक सष्ठांग परिक्रमा करते हुए मतदान करने पहुंचा युवक



**महगांव कौशाम्बी।** जनपद में 20 मई के पांचवे चरण के चुनाव को लेकर लोकतन्त्र के इस महा पर्व को मजबूत बनाने के लिए लेट कर परिक्रमा करते हुए मतदान केंद्र तक वोट देने के लिए युवक पहुँचा है जिसे देख कर मतदान के इस महत्त्व को समझा जा सकता है। मिली जानकारी के मुताबिक विनोद कुमार यादव पुत्र अमरनाथ यादव निवासी ग्राम महगांव मजरा मलाहरा अपने घर से करीब ढ़ाई किलो मीटर तक कड़ी धूप में परिक्रमा करते हुए मतदान केंद्र तक मतदान करने पहुंचा तो लोग उसे देखने के लिए जुट गए और यह चर्चा का विषय बना हुआ है। विनोद का कहना है वह इस बार लोकसभा चुनाव में पहली बार शामिल हो रहा है उसने मनौती की थी की उसकी वोट की पर्ची आयेगी तो वह परिक्रमा कर अपने मताधिकार का प्रयोग करेगा। विनोद जैसे लोग बताते हैं की लोकतंत्र को मजबूत बनाने व देश की तरक्की के मतदान कितना जरूरी है।

## ग्राम प्रधान ने भाइयों के साथ मिलकर युवक पर कुल्हाड़ी से किया प्राण घातक हमला

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के लोहदा गांव के मजरा गडरियन का पुरवा में 19 मई की आधी रात को दबंग प्रधान ने अपने भाइयों संग मिलकर युवक पर कुल्हाड़ी से बेरहमी से कतिलाना हमला कर दिया जिससे युवक को गंभीर चोट लगी है युवक की हालत गंभीर है घायल को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया हालत गंभीर होने पर उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है जहां हालत में सुधार न होने पर चिकित्सक ने घायल को प्रयागराज के अस्पताल में रेफर कर दिया गया है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस चौकी को दी गई लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर सैनी कोतवाल को मामले की सूचना दी गई है पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिपाल के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के लोहदा गांव के मजरा गडरियन का पुरवा निवासी महिपाल पुत्र छत्रपाल के दादा केदारनाथ की जमीन 4 मई को ग्राम प्रधान भूप नारायण पाल ने जबरिया बैनामा करवा लिया था इसी जमीन पर 19 मई की आधी रात को जेसीबी मशीन से कब्जा किया जा रहा था जिसका विरोध महिपाल ने किया जमीन के विवाद के बीच विवाद होने लगा और ग्राम प्रधान के ललकारने पर उसके भाइयों विपिन पाल रणजीत पाल और राहुल सोनकर ने महिपाल पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया है जिससे महिपाल को गंभीर चोटें आई हैं अधिक चोट लग जाने से महिपाल तड़पकर जमीन पर गिर पड़ा गाली गलौज करते हुए धमकी देते हुए ग्राम प्रधान उनके भाई मौके से चले गए परिवार के लोगों ने डायल 112 पुलिस को फोन करके मामले की सूचना दी एंबुलेंस के जरिए घायल महिपाल को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने घायल महिपाल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है लेकिन जिला अस्पताल में भी हालत में सुधार न होने पर घायल महिपाल को इलाज के लिए प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल रेफर कर दिया गया है जहां उसकी गंभीर हालत बनी हुई है । वहीं कोतवाली पुलिस ने मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी युवकों को देर रात हिरासत में ले लिया कूलर के पास कुर्सियों में बिठाकर आवभगत करते हुए निजी मुचलके में छोड़ दिया है।

### विवाद में बीच-बचाव करने गये पिता, पुत्र व पुत्री पर जानलेवा हमला



**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के समसपुर गांव का रामसरन कोरी पुत्र स्व भैरव प्रसाद मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। सोमवार की सुबह करीब 9 बजे अपने घर के सामने बैठा था। उसी समय पड़ोस के ही अनिल विश्वकर्मा पुत्र स्व राम लखन की जमीन में पड़ोस के ही शिव बाबू पाल व राम बाबू पाल पुत्रगण शिव बरन पाल व मोनू पुत्र राम बाबू पाल जबरन मिट्टी डालकर कब्जा करने लगे। अनिल विश्वकर्मा ने कब्जा करने का विरोध किया तो विपक्षी एक जुट होकर अनिल विश्वकर्मा को लात घूंसा से मारने पीटने लगे। पड़ोस के राम शरन पुत्र स्व भैरव प्रसाद व राम मगन पुत्र राम शरन व सोनी पुत्री राम निहाल पाल हो रहे मार पीट में बीच-बचाव करने गये तो विपक्षी एक जुट होकर बीच-बचाव करने गये लोगों को ईंट पत्थर से मारे पीटे है। राम शरन के सिर व उसके बेटे राम मगन के सिर व बेटी सोनी के सिर पर गम्भीर चोटें आयी है। राम शरन ने अपने बेटा व भतीजी संग चरवा थाना पहुंच कर नाम जद्द लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने कि मांग किया है। चरवा पुलिस ने शिकायती प्रार्थना पत्र पाकर मुकदमा पंजीकृत कर घायलों को नवीन प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र चरवा इलाज हेतु भेजा है।

### मतदाताओं के ऊपर भय और दहशत का बना रहा माहौल

**कौशाम्बी।** आसमान से आग बरस रही है कड़ी धूप में घंटों लाइन में खड़े होने के बाद मतदान करने पहुंचे मतदाता बदइंतजामी के चलते रो पड़े हैं कड़ी धूप में जिस तरह से मतदाताओं को दिक्कतों के बीच मतदान करना पड़ा है निर्वाचन आयोग के बारे में मतदाता तरह तरह की चर्चा करते रहे मतदान के दौरान मतदाताओं की पशुओं जैसे दुर्गति देखने को मिली है जिन्हें खूंटे से बांध दिया जाए और हिलने ना दिया जाए इसी तरह मतदाताओं को लाइन में खड़ा कर दिया गया आगे पीछे नही होने दिया गया कड़ी धूप के चलते किसी मतदाता को अगर प्यास लग गई है तो उसे पानी पीने भी नहीं दिया गया यह कहा गया कि पहले मतदान करके बाहर आओ लाइन छोड़कर पानी नहीं पीना है लाइन में खड़े-खड़े किसी का पैर थक गया तो उसे बैठने नहीं दिया गया है उससे कहा गया है कि लाइन में सीधे होकर खड़े रहो नहीं लाइन से भगा दिए जाओगे मतदाताओं के ऊपर भय और दहशत का माहौल बना रहा है सुरक्षा व्यवस्था के बहाने बात बात पर पैरा मिलिट्री के जवान पुलिस की फोर्स मतदाताओं को डाँटते फटकारते कड़े अशोभनीय शब्दो का प्रयोग कर जलील करते और उनकी बेइज्जती करते रहे ऐसा लग रहा था कि मतदाता अपने मत के अधिकार का प्रयोग करने के बजाय वह इस ब्यवस्था का बोझ बन गया है।

### सफाई कर्मचारी और शिक्षकों को भी जारी हुआ मीडिया पास

**कौशांबी** सहायक सूचना अधिकारी कौशांबी रवि जायसवाल की लापरवाही कहेंगे या फिर लोकसभा चुनाव में मतदान के दौरान मतदान प्रभावित करने के लिए उनकी बड़ी साजिश कहेंगे लेकिन लोकसभा चुनाव के दौरान पत्रकारों को दिए जाने वाला मीडिया पास कई सफाई कर्मचारी और शिक्षकों को दिया गया है जो सहायक सूचना अधिकारी के कार्यों पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है सहायक सूचना अधिकारी द्वारा मीडिया पास का दुरुपयोग किए जाने के मामले की यदि निर्वाचन आयोग ने जांच कराई को सहायक सूचना अधिकारी की मुसीबत बढ़ना तय हैं।

### मतदान के बाद हीट स्ट्रोक के मरीजों की अस्पताल में बढ़ी भीड़

**कौशाम्बी** तेज धूप और लू के थपेड़े के बीच मतदान केदो में मतदान करने पहुंचे मतदाताओं को भारी दिक्कतों से जूझना पड़ा है घण्टो मतदाताओं को कड़ी धूप में खड़े रहना पड़ा है कड़ी धूप के चलते तमाम मतदाता हीट स्ट्रोक के शिकार हो गए हैं और तमाम मतदाताओं को लू लग गई है इससे उनकी हालत बिगड़ने पर परिवार के लोगों ने अगल अगल अस्पताल में भर्ती कराया है मतदान के बाद देर शाम अस्पतालों में हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है लोकसभा चुनाव में इस बार अव्यवस्था हावी रही।

## संपादक की कलम से

# प्रवासी कामगारों से मजबूत होती अर्थव्यवस्था

इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) की 7 मई 2024 को जारी विश्व प्रवासन रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में भारत विदेशों में काम करने वाले भारतीय कामगारों से सबसे ज्यादा धन पाने वाले देशों के रूप में सूचीबद्ध हुआ है। मैक्सिको, चीन, फिलीपींस व फ्रांस जैसे देश भी इस सूची में भारत की तुलना में नीचले पायदानों पर है। भारत के लिये यह गौरव की बात है और इससे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनने के भारत के प्रयासों को भी बल मिलेगा। नया भारत एवं सशक्त भारत के निर्माण में विदेशों में रह रहे भारतीय कामगारों ने अपने खून-पसीने की कमाई से अर्जित धनराशि में से वर्ष 2022 में 111 बिलियन डॉलर अपने देश भेजे हैं। यह आंकड़ा जहां विश्व में भारतीय श्रमशक्ति की गौरवपूर्ण गाथा को दशार्ता है, वहीं देश की अर्थव्यवस्था में उनके अमूल्य योगदान को दिखाता है। आईओएम की ताजा रिपोर्ट वैश्विक प्रवास पैटर्न में महत्त्वपूर्ण बदलावों का खुलासा करती है, जिसमें विस्थापित लोगों की रिकॉर्ड संख्या और अंतर्राष्ट्रीय प्रेषण में बड़ी वृद्धि शामिल है। पूरे विश्व में अनुमानित 281 मिलियन अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों के साथ, संघर्ष, हिंसा, आपदा और अन्य कारणों से विस्थापित व्यक्तियों की संख्या आधुनिक रिकॉर्ड में उच्चतम स्तर तक बढ़ गई है, जो 117 मिलियन तक पहुँच गई है, जो विस्थापन संकट को संबोधित करने की तात्कालिकता को रेखांकित करती है।

भारत में अनुमानित 1.8 करोड़ लोग अंतरराष्ट्रीय प्रवासी के रूप में काम करने के लिए विदेश जाते हैं। भारतीय अंतरराष्ट्रीय प्रवासियों में सॉफ्टवेयर इंजीनियरों, डॉक्टरों आदि जैसे पेशेवरों का अनुपात बढ़ गया है। इनके वेतन ज्यादा होता है और वे बड़ी मात्रा में पैसा भारत भेजते हैं। इनके अलावा भारतीय कामगार भी बड़ी संख्या में विदेशों में अपने श्रम से धन अर्जित कर-के न केवल अपने परिवारों का पालन-पोषण करते हैं बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते हैं। निश्चित रूप से यह उन कामगारों के भारत के प्रति आत्मीय लगाव एवं देशप्रेम को ही दशार्ता है। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में योगदान करने वाले इन श्रमवीरों के प्रति देश कृतज्ञ है। निश्चित रूप से इसका भारतीय अर्थव्यवस्था में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, वहीं दुनिया में भारतीय श्रम-शक्ति एवं प्रतिभाएं अपनी क्षमता, कौशल एवं प्रतिभा से विपुल आर्थिक, सामाजिक एवं विकासमूलक योजनाओं की नयी संभावनाओं के द्वार खोलती है, जिससे दुनिया में भारत की ताकत को नये पंख लगते हैं।

भारतीय कामगारों, विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं एवं कौशल के लिए शीर्ष प्रवासन गलियारे संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और सऊदी अरब हैं जबकि राजनीतिक कारणों से भारत में प्रवेश करने वाले प्रवासियों की सबसे अधिक संख्या बांग्लादेश से आती है। प्रश्न है कि भारतीय कामगार एवं प्रतिभाएं जितनी बड़ी संख्या में विदेशों में जाकर अपनी क्षमताओं एवं प्रतिभा का लोहा मनवा रही है, विदेशी प्रतिभाएं उतनी संख्या में भारत नहीं आ रही है। वोट बैंक बढ़ाने के लिये बांग्लादेश आदि पडौसी देशों से गरीब एवं मुसलमानों का बड़ी संख्या में देश में आना, यहां के विकास को अवरोध करता है। इस तरह के लोगों के आने से देश में जनसंख्या बढ़ रही है, वही उनका भारत के विकास में योगदान नगण्य है और उनका भारत से कोई मजबूत एवं आत्मीय रिश्ता भी कायम नहीं हो पाता है, यह एक समस्या के रूप में भारत के विकास को बाधित करता है।

दुनिया में भारतीय श्रम एवं कौशल की बड़ी मांग है। क्योंकि भारतीय मजबूर मेहनती, ईमानदार एवं कार्यनिष्ठ होते हैं। विकसित देशों में श्रमिकों की भारी कमी के बीच खेती, निर्माण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में काम करने के वास्ते भारतीय कामगारों को विदेश भेजने के लिए विकसित देशों के साथ द्विपक्षीय समझौते करने का भारत सरकार का इरादा है। भारत सरकार उन देशों के साथ एग्रीमेंट करने जा रही है, जहां आबादी तेजी से घट रही है। वैसे हम पहले ही जापान और फ्रांस के साथ लेबर सप्लाई एग्रीमेंट कर चुके हैं। इजरायल के साथ भी एक करार है, जिसके तहत हजारों भारतीय वहां खेती और मजदूरी के लिए भेजे जा रहे हैं। यूनान ने भारत से संपर्क किया है कि वह कृषि क्षेत्र में काम करने वाले लगभग 10,000 कामगारों को उसके यहां भेजे।

विदेशों से धन भेजने के आकंड़े का बढ़ना दशार्ता है कि प्रवासियों का अपनी मातृभूमि के बीच कितना मजबूत, आत्मीय व स्थायी संबंध है। लेकिन इसके साथ ही भारत सरकार का दायित्व बनता है कि इस उपलब्धि की खुशी मनाते वक्त प्रवासियों के सामने आने वाली चुनौतियों को भी पहचाना जाए और उनका समाधान किया जाये। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट बताती है कि प्रवासी कामगारों को वित्तीय शोषण, प्रवासन लागत के कारण बढ़ते ऋण दबाव, नस्लीय भेदभाव व कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिनके निराकरण के लिए गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। दुनिया की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत अपने प्रवासी कामगारों की समस्याओं के समाधान के लिये संबंधित देशों से रणनीतिक तरीकों से रास्ता निकालना चाहिए। निस्संदेह, भारत सरकार को प्रवासी कामगारों की समस्याओं के समाधान के लिये हमारे दूतावासों के जरिये विशेष कदम उठाने चाहिए। दरअसल, खाड़ी सहयोग परिषद के राज्यों में जहां बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी कार्यरत हैं, उनके अधिकारों का उल्लंघन जारी है।

# धर्म लोगे, धर्म?

**- रामधारी सिंह 'दिनकर'**

(1) "धर्म लोगे, धर्म ?"

मैंने किवाड़ खोलकर देखा, बगल की राह से पुरोहित जा रहा था। धर्म इसकी खेती है और पर्व-त्योहार फसल काटने के अच्छे मुहूर्त। मैंने कहा, "पुरोहित, मेरे घर तेरी फसल नहीं उपजी है।" और किवाड़ मैंने बन्द कर लिया।

(2) "धर्म लोगे, धर्म ?"

मैंने किवाड़ खोलकर देखा, बगल की राह से पंडा जा रहा था। धर्म इसकी ठेकेदारी और देवता इसका इंजीनियर है और जैसे इंजीनियर की कृपा से ठेकेदार मालामाल हो जाता है, उसी तरह, देवता के मेल से पंडे को मालपूए खूब मिलते हैं। मैंने कहा, "पंडा, मुझे पुल बनवाना नहीं है।" और किवाड़ मैंने बन्द कर लिया।

(3) "धर्म लोगे, धर्म ?"

मैंने किवाड़ खोलकर देखा, बगल की राह से उपदेशक जा रहा था। धर्म इसकी मशाल है, जिसे वह सिर्फ दूसरों के लिए जलाता है और यह वह नाई है, जो मशाल अपनी रोजी के लिए जलाता है, जिससे बरात के लोग अपना रास्ता पा सकें। मैंने कहा, "नाऊ, मुझे आज कहीं नहीं जाना है।" और किवाड़ मैंने बन्द कर लिया।

(4) 'धर्म लोगे, धर्म ?"

मैंने किवाड़ खोलकर देखा, बगल की राह से एक अमीर जा रहा था। धर्म इसका छाता है, जिसे इसने मार्क्सवादी ओलों की बौछार से बचने को तान रक्खा है। मैंने कहा, "अमीर, मेरे पास बचाने की कोई चीज नहीं है।" और किवाड़ मैंने बन्द कर लिया।

और शाम को जब मैं घर से निकला, तब देखा कि गाँव का आठ वर्ष का छोटा बच्चा रामू खेत की मेड़ पर बैठा किसी विचार में लीन है। मैंने पूछा, "अरे रामू, यहां बैठा-बैठा क्या सोच रहा है?"

रामू बोला, "सोच रहा हूँ कि ईश्वर एक ही है, यह आदमी के लिए काफी कठिनाई की बात है। अब तुम्हीं सोचो दादा, कि दो ईश्वर होते, तो आदमी को थोड़ी सहूलियत जरूर हो जाती। मसलन, अगर यह ईश्वर रूठ गया, तो उस ईश्वर के यहाँ चले गये और वह ईश्वर रूठ गया, तो इस ईश्वर के यहाँ चले आये। मगर, ईश्वर एक ही है, इसलिए, हमें बहुत सँभल-सँभलकर चलना होगा।"

मैंने बच्चे को गोद में उठा लिया और कहा कि "प्यारे काश, अपनी शंका और बेचैनी तू मेरे दिल में उँड़ेल पाता।"

# चुनाव परिणामों से जुड़ी फिजूल की अटकलें

पांचवें चरण के तहत सोमवार को आठ राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों की 49 लोकसभा सीटों पर वोट डाले गये, इसके बाद दो ही चरण की वोटिंग शेष रह जाएगी। शेष रहे दो चरणों के चुनाव पर पूरे देश की निगाहें लगी हुई हैं और जैसे-जैसे चुनाव सम्पन्नता की ओर बढ़ रहे हैं, राजनीतिक दलों की आक्रामकता अब चुनाव परिणामों को लेकर फिजूल की अटकलों के रूप में देखने को मिल रही है। वैसे तो तीन चरणों के बाद ही चुनाव परिणामों से जुड़ी अटकलें पर सारे चुनावी परिदृश्य बन रहे हैं। आम मतदाता की जरूरतों से जुड़े मुद्दों पर सार्थक बहस करने की बजाय चुनाव नतीजों की भविष्यवाणियों में चुनाव परिदृश्यों को भटकाने की कुचेष्टाएं हो रही है, यह लोकतंत्र के इस महानुष्ठान को धुंधलाने का दूषित प्रयास है। चुनाव परिणामों को लेकर हो रही इन चचाओं से जहां आम मतदाता भ्रमित हो रहा है, वही देश के शेयर बाजारों में गिरावट की स्थितियां आर्थिक असंतुलन का कारण बन रही है। राजनीतिक दलों की सोची-समझी रणनीति के तहत चुनाव परिणामों की संभावनाएं व्यक्त करना, अटकले एवं कयास लगाना चुनावी परिदृश्यों को भटकाने की कोशिशें हैं, इसमें राजनीतिक विश्लेषण और उनके निष्कर्ष भी कहीं-न-कहीं ऐसा वातावरण बना रहे हैं, जिससे मतदाता को लुभाया जा सके, भटकाया जा सके या गुमराह किया जा सके।



कांग्रेस हो या भाजपा और अन्य दल सभी चुनाव परिणाम की अटकलों पर ध्यान लगाये हुए हैं, वे ऐसी अतिश्योक्तिपूर्ण घोषणाएं करते हुए जीत के दावे कर रहे हैं, जिससे मतदाता द्वंद्व की स्थिति में हैं। राजनीतिक दलों ने राष्ट्र के जरूरी एवं बुनियादी मुद्दें को तवज्जों न देकर राजनीतिक अपरिपक्वता का ही परिचय दिया है। दिक्कत यह है कि सभी पार्टियां अपने दल या गठबंधन की जीत को सुनिश्चित बताते हुए इस तरह के विश्लेषण और निष्कर्ष निकाल रहे हैं जो सत्यता से दूर हैं। ऐसे निष्कर्ष अतीत में कई बार गलत साबित हो चुके हैं। 2014 में नरेंद्र मोदी की अगुआई में भाजपा को ऐसी जीत मिली, जिससे देश में तीन दशक बाद किसी पार्टी ने अपने बहुमत वाली सरकार बनाई। 2019 में पार्टी ने उससे भी बड़ी जीत हासिल की। लेकिन 2019 में भी चुनाव नतीजों से पहले शेयर बाजार लड़खड़ाते नजर आ रहे थे एवं विपक्षी दल भाजपा के हार की भविष्यवाणी कर रहे थे। 2014 में भी कई विश्लेषक उत्तरप्रदेश की कई सीटों पर मुस्लिम मतदाताओं के कथित ध्रूवीकरण का हवाला देते हुए खास तरह के चुनाव नतीजों की भविष्यवाणी कर रहे थे, जो गलत साबित हुए। ऐसी ही भविष्यवाणियां इस बार भी बढ़-चढ़ कर हो रही है, लेकिन इस बार के चुनाव परिणाम अप्रत्याशित होने वाले हैं, चौंकाने एवं चमत्कृत करने वाले होंगे। निश्चित ही चुनाव परिणामों से जुड़ी अटकलों का शेष रहे दो चुनाव चरणों पर व्यापक प्रभाव पड़ता हैं। पहले तीन चरणों के कम मतदान को सत्तापक्ष के समर्थक मतदाताओं के उत्साह में कमी का संकेत बताया जा रहा है तो महाराष्ट्र और बिहार जैसे राज्यों में एनडीए के सहयोगी दलों की वोट ट्रांसफर करने की क्षमता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। जहां तक वोटरों के उत्साह में कमी की बात है तो अव्वल तो चुनाव आयोग के अंतिम आंकड़ों के मुताबिक वोट प्रतिशत का अंतर काफी कम रह गया है, दूसरी बात यह कि वोट न देने वालों में किस पक्ष के समर्थक ज्यादा हैं, इसे लेकर परस्पर विरोधी दावे किए जा रहे हैं जिनकी सचाई 4 जून को ही सामने आएगी। लेकिन चुनाव परिणामों को लेकर विरोधाभासी अटकलों का असर मतदाता पर पड़ता ही है। समूचे देश की बात करें तो इस पर लगभग आम राय है कि इन चुनावों में कोई लहर नहीं है। कई चुनाव विशेषज्ञों के अनुसार 2019 के चुनाव में पुलवामा में हुई घटनाओं और उसके बाद बालाकोट में जो हुआ उसके बाद देश भर में राष्ट्रीय सुरक्षा की लहर दौड़ गई थी। इस बार सोचा गया था कि श्रीराम मन्दिर के उद्घाटन का व्यापक असर होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। विकास का मुद्दा अवश्य मतदाता के दिमाग में रहा है। फिर भी अगर किसी एक नेता के पक्ष में मतदाताओं की पसंद मुखरता से सामने आ रही है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं। सवाल है कि क्या यह मुखरता वोट में भी परिणत होगी? जवाब के लिए 4 जून का इंतजार करना बेहतर होगा। अनेक चुनाव विश्लेषण बताते हैं कि 1999 और 2004 में कम मतदान प्रतिशत से भाजपा को फायदा हुआ, लेकिन 2014 में अधिक मतदान से लाभ हुआ। लेकिन विश्लेषक मतदान प्रतिशत और अंतिम परिणामों के बीच स्पष्ट संबंध बताने में विफल हैं। बाजार के इस उतार चढ़ाव के बीच निवेशक लोकसभा चुनाव में कुछ चरणों के कम मतदान प्रतिशत को लेकर चिंतित हैं। वे चुनाव परिणाम के बारे में अनिश्चितता पाले हुए हैं। निवेशक ही नहीं, मतदाता एवं नेता भी र्भ्रम एवं भटकाव पाले हुए है। लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में भाजपा विरोधी ह्यइंडियाह्ल गठबंधन के सत्ता में आने पर तृणमूल कांग्रेस नई सरकार के गठन में ह्यबाहर से समर्थनह्ल देगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की इस टिप्पणी के बाद से ही राजनीतिक हलकों में कयासों और अटकलों का दौर तेज हो गया था। सवाल उठ रहा था कि क्या उनकी इस टिप्पणी में कोई नया संकेत छिपा है? पांचवें चरण की सम्पन्नता के बाद यह साफ हो गया है कि राष्ट्रीय स्तर पर इस बार सत्तारूढ़ भाजपा की कांग्रेस समाहित विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियाह्ल के साथ कांटे की लड़ाई हैं और दोनों ही पक्ष अपनी-अपनी विजय का दावा कर रहे हैं।

कम मतदान की पहेली का एक मतलब ये भी निकाला जा सकता है कि मतदाता को कोई उत्साह नहीं है, क्योंकि उसको ये लगता है कि 400 सीटों की जीत का दावा किया जा रहा है तो उसके वोट से कोई फर्क नहीं पडने वाला है। एक वजह ये भी हो सकती है कि वह परिणाम को लेकर पहले से ही आश्वस्त है, लेकिन इन दोनों वजहों में राजनीतिक कार्यकताओं का रोल है, ये मतदाता की पहचान से जुड़े मामले नहीं हैं। विपक्ष इस बात को हवा दे रहा है कि जब सत्ताधारी दल का कार्यकर्ता जनता को बूथ पर लाने में फेल होता है तो इसका मतलब है कि कुछ गड़बड़ है। कुछ जानकार कह रहे हैं कि मामला उतना सपाट नहीं है। एक तो मौसम की मार और दूसरा ये एक ऐसा राजनीतिक मैच है जिसका नतीजा पहले से पता है इसलिए ऐसे मैच में कोई उत्साह नहीं होना बहुत सामान्य है।

पांचवें चरण में हो रहा लोकसभा का यह चुनाव भाजपा के लिए ह्यसेफ जोनह्ल की तरह माना जाता है। दरअसल भाजपा और एनडीए ने मिलकर पिछले लोकसभा चुनाव में पांचवें चरण की 49 सीटों पर जिस तरह से बैटिंग की थी, वह उसको सत्ता की सीढ़ी तक ले गई। जबकि 2014 में भी भाजपा ने अपने सियासी ग्राफ को इस चरण में मजबूती के साथ आगे बढ़ाया था। सियासी जानकारों का मानना है कि भाजपा ने अपने इसी मजबूत सियासी ग्राफ के मद्देनजर पूरी फील्डिंग पांचवें चरण की 49 सीटों पर लगा दी है। वहीं इंडिया गठबंधन और उसके सियासी दलों, जिसमें कांग्रेस और सपा समेत शिवसेना ने पांचवें चरण के लिए 2014 से पहले वाली रवायत को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तैयारी की है। अब परिणाम तो भविष्य के गर्भ में हैं। बहरहाल, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद हुए पहले मतदान में प्रतिशत का अधिक रहना सुखद ही है। जो घाटी के लोगों के लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास बढ़ने को दशार्ता है। कालांतर ये इस केंद्रशासित प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलवाने और यथाशीघ्र विधानसभा चुनाव करवाने का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। बहरहाल, पूरे देश में चुनाव प्रतिशत में कमी के रुझान पर चुनाव आयोग को भी गंभीर मंथन करना चाहिए कि मतदान बढ़ाने के लिये देशव्यापी अभियान चलाने के बावजूद वोटिंग अपेक्षाओं के अनुरूप क्यों नहीं हो पायी। वहीं राजनीतिक दलों को भी आत्ममंथन करना चाहिए कि मतदाता के मोहभंग की वास्तविक वजह क्या है। उन्हें अपनी रीतियों-नीतियों तथा घोषणापत्रों की हकीकत को महसूस करते हुए अतिश्योक्तिपूर्ण भविष्यवाणियों एवं अटकलों से बचना चाहिए।

**प्रेषकः**
**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**

# अनुमानों पर मुहर लगाएगा 5वें चरण का मतदान

कई लोग मानते हैं कि लोकसभा के लिये सोमवार को होने जा रहा 5वें चरण का मतदान, इसके बाद शेष दो और चरणों के साथ खानापूरी बनकर रह गया है। ऐसा मानने वाले कहते हैं कि पहले चार चरणों में ही फैसला हो चुका है। अब सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी एक हारी हुई लड़ाई लड़ रही है। राजनीतिक पर्यवेक्षक, विश्लेषक एवं तमाम तरह के सर्वेक्षण कह रहे हैं कि भाजपा को संयुक्त प्रतिपक्ष इंडिया न केवल मजबूत टक्कर दे रहा है बल्कि उसकी ऐसी बढ़त भी बन चुकी है जिससे आगे निकलना भाजपा के लिये अब मुमकिन नहीं रहा। ये अनुमान कितने सही निकलते हैं, यह तो 4 जून को देखने की बात होगी, पर यदि 5वें दौर के मतदान की बात करें तो उनमें ऐसे राज्य व सीटें हैं जिन पर भाजपा कमजोर नजर आ रही है। यदि पहले के मतदान के चक्रों के अनुमान सही हैं तो 5वां चरण इंडिया की जीत पर मुहर लगाने वाला साबित हो सकता है। 8 राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर सोमवार को जो मतदान होने जा रहा है, उनमें राहुल गांधी, केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी आदि समेत 695 उम्मीदवारों का भविष्य तय होगा। 379 सीटों पर चार चरणों के मतदान के जरिये चुनाव हो चुके हैं। इस पांचवे चरण के साथ ही कुल 418 सीटों पर मतदान सम्पन्न हो जायेगा। बची रहेंगी 125 सीटें जिन पर बचे दो चरणों में मतदान होगा। सोमवार को किनकी किस्मतें ईवीएम में बंद होंगी, इससे कहीं अधिक यह महत्वपूर्ण है कि जिन राज्यों में मतदान होगा, वे निर्णायक सिद्ध होने जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13 और पश्चिम बंगाल की 7 सीटों के मतदान पर सभी का ध्यान केन्द्रित है क्योंकि यह माना जाता है कि ये तीनों राज्य ऐसे हैं जो बिहार के साथ इस चुनाव में बड़ा उलटफेर करेंगे।



इस चुनाव के शुरू होने के पहले तक उप्र को भाजपा का गढ़ माना जाता था क्योंकि 2019 में यहां से उसे 80 में 62 सीटें मिली थीं। अब स्थिति वैसी नहीं रही। यहां कांग्रेस व समाजवादी पार्टी का गठबन्धन है जो काफी प्रभावशाली है। कांग्रेस के राहुल गांधी, प्रियंका एवं सपा के अखिलेश यादव की ओर युवा, छात्र, महिलाएं, अल्पसंख्यक, पिछड़े आदि वर्ग बहुत आकर्षित हुए हैं। 30 लाख लोगों को रोजगार देने, अग्निपथ योजना को रद्द करने, पेपर लीक हमेशा के लिये बन्द करने जैसे आश्वासन युवाओं-छात्राओं को इंडिया की ओर मोड़ रहे हैं। यहां एक राजनीतिक फैक्टर भी काम कर रहा है। चर्चा है कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को वैसे ही हटाया जायेगा जैसे राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया, मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह, छत्तीसगढ़ में रमन सिंह को दरकिनार किया गया था। कहा जाता है कि योगी एवं उनके समर्थक इस बात को भांप गये हैं। चूंकि आदित्यनाथ को प्रधानमंत्री पद के लिये मोदी का प्रतिस्पर्धी माना जाता है इसलिये बड़ी बात नहीं कि मोदी यहां बहुमत न पायें।

इसके लिये वहां भाजपा भितरघात कर दे। इसलिये कहा जाता है कि भाजपा यहां गहरे संकटों में है। अखिलेश तो यहां तक कहते हैं कि पूरे प्रदेश में इंडिया 79 सीटें जीत रहा है। उनके अनुसार क्योटो (वाराणसी) की सीट भी फंसी पड़ी है जहां से मोदी चुनाव लड़ रहे हैं।

महाराष्ट्र में भी मुकाबला कांटे का है। शिवसेना के उद्धव ठाकरे एवं नेशनल कांग्रेस पार्टी के शरद पवार के पक्ष में पूरे राज्य में जबर्दस्त लहर है, जो उनके प्रति सहानुभूति उत्पन्न होने के कारण बनी है। यहां उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में चल रही सरकार को केन्द्र सरकार के इशारे पर शिवसेना व एनसीपी के लोगों को तोड़कर गिराया गया था। उद्धव ठाकरे गुट व एनसीपी के पवार गुट को ही यहां की जनता असली मानती है। यहां भाजपा व उसके एनडीए के सहयोगी शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) व एनसीपी (अजित पवार गुट) की कई सीटें फंसी हुई बतलाई जाती हैं। बताया जा रहा है कि बड़ी संख्या में यहां कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की शिवसेना तथा शरद पवार गुट की एनसीपी को मिलकर बनी महाविकास आघाड़ी को सीटें जा रही हैं। सभी की दिलचस्पी का एक और राज्य है पश्चिम बंगाल। यहां मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने कड़ा मुकाबला देने की तैयारी की है। इसी प्रकार बिहार में नीतीश कुमार द्वारा करीब चार माह पूर्व इंडिया को छोड़कर एनडीए का हाथ थामा गया था। उससे लोग अब भी नाराज हैं। यहां राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव, जो नीतीश कुमार के जनता दल (यूनाइटेड) के साथ मिलकर 17 माह सरकार चला चुके थे, बेहद लोकप्रिय हैं क्योंकि उस दौरान उनके द्वारा बड़ी संख्या में पक्की सरकारी नौकरियां बांटी गई थीं। उसका अच्छा असर जनता पर पड़ा है। वे इस समय युवाओं के हीरो बन गये हैं। झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जिस प्रकार ईडी के जरिये जेल में डालकर रखा गया था, उससे न केवल वहां के आदिवासी बल्कि अन्य वर्ग भी नाराज हैं जिसका असर चुनावी परिणामों के रूप में नजर आएगा।

यही कारण है कि भाजपा के स्टार प्रचारक मोदी एवं उनकी पार्टी अधिक जमकर हिन्दू-मुस्लिम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री पद की गरिमा को ताक पर रखकर मोदी जिस प्रकार से कांग्रेस के न्याय पत्र को लेकर अनर्गल बातें कर रहे हैं, उससे साफ है कि यह चुनाव अब जनता ने अपने हाथों में ले लिया है। लोगों ने इस चुनाव को अब देश बनाम भाजपा की लड़ाई में बदल दिया है।

# महाराष्ट्र लोक सभा चुनाव के अंतिम चरण में भीषण राजनीतिक युद्ध

**- सुशील कुट्टी**

मोदी मुंबई के उन सात निर्वाचन क्षेत्रों को भी महत्व देते हैं जहां पांचवें चरण में मतदान होना है। वित्तीय पूंजी पर नियंत्रण के अपने राजनीतिक प्रभाव होते हैं। कैश देने वाली गाय बृहन्मुंबई नगर निगम अपने साथ विशेष प्रभाव लेकर आता है। मिलिंद देवड़ा से पूछें और वह आपको बतायेंगे कि बीएमसी मुंबई ही राजनीति के केंद्र में है। महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव अभियान अपने चरम पर है। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को कड़ी टक्कर देने के लिए इंडिया गठबंधन महाराष्ट्र पर भरोसा कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाराष्ट्र को जीतने और इसे 'अबकी बार 400 पार' बनाने के लिए अपने नाम और चेहरे पर भरोसा कर रहे हैं। महा विकास अघाड़ी को उम्मीद है कि उन्हें मतदाताओं का समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 'अवास्तविक सपने' से वंचित कर देगा। महाराष्ट्र के 48 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 20 मई को पांचवां चरण आखिरी है। धनचुनाव के केंद्र में है और लड़ाई मैक्सिमम सिटी मुंबई में स्थानांतरित हो गई है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक रोड शो किया और मुंबई के मतदाताओं को अपनी ओर प्रभावित करने की कोशिश की। मुंबई, 2022 तक शिवसेना का गढ़ रहा, जब तक कि सेना दो प्रतिद्वंद्वी गुटों में विभाजित नहीं हो गई,जो अपनी वित्तीय ताकत के लिए भी विख्यात है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और उद्धव बालासाहेब ठाकरे के नेतृत्व वाला सेना गुट दोनों ही बालासाहेब ठाकरे के सच्चे उत्तराधिकारी होने का दावा कर रहे हैं। दोनों मुंबई पर राजनीतिक कब्जा चाहते हैं। उद्धव ठाकरे भी नियंत्रण खोने का जोखिम नहीं उठा सकते। यह तब है जब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दो गुट- एक का नेतृत्व शरद पवार और दूसरे का नेतृत्व उनके भतीजे अजित पवार कर रहे हैं - भी राज्य की राजनीति में अपनी-अपनी प्रासंगिकता के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। महाराष्ट्र के चुनाव पर नजर रखने वालों के लिए परिणाम पर अटकल लगाना भी मुश्किल हो गया है। महाराष्ट्र में ये आम चुनाव संभवतः तय कर देंगे कि दोनों में से कौन सी सेना का भविष्य है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दो गुटों का भी यही हाल है। इस बीच, यह भावना बढ़ती जा रही है कि अगर कुल मिलाकर कोई फैसला ले रहा है, तो वह एकनाथ शिंदे नहीं हैं, देवेंद्र फड़नवीस नहीं हैं, उद्धव ठाकरे नहीं हैं, यहां तक कि पुराने योद्धा शरद पवार भी नहीं हैं, बल्कि एकमात्र अजित 'दादा' पवार हैं। शरद पवार '83' के हैं और उन्होंने हार मान ली है, लेकिन उद्धव बालासाहेब ठाकरे अपने पिता की शिवसेना पर फिर से कब्जा करने पर आमादा हैं। उद्धव ठाकरे के लिए, 2024 का आम चुनाव उनकी परीक्षा में असफल न होने की परीक्षा है। 2024 के आम चुनावों में उद्धव ठाकरे एक बहादुर व्यक्ति हैं, जिन्होंने अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया है, अपना और 'ठाकरे' वंश का राजनीतिक भविष्य। जहां तक अजित पवार का सवाल है, उन्होंने शरद पवार का जुआठ उतार फेंका है और यह आम चुनाव 2024 की कहानी का हिस्सा है। राज्य में पांचवें और अंतिम चरण में महाराष्ट्र की 14 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है और ऐसी चर्चा है कि अजित पवार का प्रभाव सभी 14 निर्वाचन क्षेत्रों में महसूस किया जायेगा। 'क्यों?' यह जानने के लिए कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं है। बारामती लोकसभा चुनाव, जो तीसरे चरण में हुआ और जिसमें अजित पवार की पत्नी सुनेत्र पवार ने शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले, जो मौजूदा सांसद हैं, से मुकाबला किया। राकांपा का अजित पवार गुट पहले ही बारामती में जीत का दावा कर चुका है और आम तौर पर लोगों का मानना है कि इसके बारे में दो तरीके नहीं हो सकते। बारामती-टेम्पलेट काम कर गया और अन्य लोकसभा क्षेत्रों में भी काम करेगा। बारामती टेम्पलेट वोट खरीदने और मतदाताओं को गुमराह करने का एक संयोजन है। दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने के साथ ही महायुति के पास पैसे की कोई कमी नहीं है, जो दुनिया की सबसे अमीर पार्टी भी है। बारामती टेम्पलेट में लाखों मतदाताओं के मन में चुनाव चिन्हों पर भ्रम पैदा करना शामिल है।

# 57.03 फीसदी मतदाताओं ने किया शान्तिपूर्ण मतदान

## 12 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद। प्रेक्षक लेते रहे पल-पल की जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में लोकसभा का चुनाव शान्तिपूर्ण ढंग से से सम्पन्न हो गया। जिले में शाम पांच बजे तक कुल 57.03 फीसदी मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। कड़ी सुरक्षा के साये में सम्पन्न हुये मतदान में जिले के किसी मतदान केन्द्र में कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। मतदान के दौरान डीएम-एसपी व प्रेक्षक निरन्तर भ्रमण कर पल-पल की सूचनायें लेते नजर आये। आज हुये मतदान के बाद संसदीय क्षेत्र के 12 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया।





सोमवार को जिले की 236 चित्रकूट में 58.79 व 237 मानिकपुर में 55.74 फीसदी कुल मतदान दोनों विधानसभा सीटों पर लोकसभा के मतदान सूर्यदेव की प्रचंडता व चप्पे-चप्पे पर तैनात सुरक्षा बलों की तीखी निगाहों के बीच 57.03 फीसदी सम्पन्न हुये। इसका असर मतदाताओं पर भी साफ देखने को मिला। सवेरे सात बजे से शाम पांच बजे तक चले मतदान में 237 मानिकपुर क्षेत्र व 236 चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र में कुल 57.03 फीसदी मतदान होने की सूचना चुनाव कंट्रोल रूम ने दी है। कयास हैं कि शाम छह बजे तक मतदान का ये आंकड़ा 60 फीसदी को पार कर जायेगा।

तेज धूप के कारण सवेरे से लेकर अपरान्ह तीन बजे तक मतदान कार्य बेहद धीमी गति से हुआ, जबकि सवेरे सात से दस व शाम चार से छह के बीच मतदान कार्य अपेक्षाकृत संतोषजनक रहा। जिले के पोलिंग बूथों पर भारी तादाद में सुरक्षा बलों को देखकर फर्जी मतदान की मंशा पाले लोग बूथों पर फटकने का साहस नहीं कर सके। शान्तिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान कराने को जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द व प्रेक्षक सब्यसांची चक्रवर्ती, जोनल मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के पोलिंग बूथों से गतिविधियों की पल-पल की जानकारी लेते रहे।

पांचवे चरण के तहत जिले में आज सम्पन्न हुये लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान कार्य दौरान कहीं कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। संसदीय क्षेत्र के आज हुये मतदान में 12 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया है। इन प्रत्याशियों में भाजपा से आरके सिंह पटेल, बसपा से मयंक द्विवेदी, सपा से श्रीमती कृष्णा पटेल आदि शामिल हैं। मतदान बाद प्रत्याशियों के ईवीएम में कैद भाग्य की मशीनें पीठासीन अधिकारियों ने रामायण मेला परिसर में जमा करा दिया है। यहां ईवीएम की सुरक्षा को बड़े पैमाने पर पुलिस बल तैनात है।

**जिले का मतदान प्रतिशत-**

सवेरे नौ बजे- 15.2 फीसदी

पूर्वान्ह 11 बजे- 30.29 फीसदी

अपरान्ह एक बजे- 41 फीसदी

अपरान्ह तीन बजे- 48.08 फीसदी

शाम पांच बजे तक- 57.03 फीसदी

**झलकियां-**

1- 18वीं लोकसभा के मतदान को लोगों में कोई उत्साह नहीं रहा। मतदाता खामोशी से सवेरे सात बजे से ही बूथों पर पहुंच गये। इस बार के चुनाव में मतदाताओं की खामोशी समझ से परे रही।

2- मतदान को लगे कर्मचारियों की लापरवाही पर मतदाताओं ने कोसा। मतदान प्रक्रिया बेहद धीमी होने से मतदाताओं ने रोष जताया।

जीजीआईसी कर्वी में सवेरे साढे सात बजे बिजली न होने से अंधेरे में मतदान करना पडा। यहां मतदान की गति बेहद धीमी होने से महिलाओं को खासी परेशानी उठानी पडी।

3- मतदाता पर्चियां घर-घर बांटने का कार्य तकरीबन सफल रहा।

4- मतदाता पर्ची व वोटर कार्ड मिलान के बाद ही वोट डलवाये।

5- जगह-जगह तैनात सुरक्षा बल ने मतदाताओं को सुरक्षा का एहसास कराया।

6- मतदाताओं में बदलाव की लहर देखी गई।

7- युवाओं ने मतदान के प्रति भारी जोश दिखाया, बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया।

### राहतपूर्ण रहा पुलिस का रवैया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** 18वीं लोकसभा के चुनाव में इस बार पुलिस का रवैया लोगों के लिए खासा राहतपूर्ण रहा। पिछले चुनाव की भांति इस बार पुलिस ने न किसी दोपहिया वाहन की हवा निकाली और न किसी को निजी वाहन से बूथ तक जाने से रोका। इसे लेकर लोगों ने चुनाव आयोग की जमकर सराहना की।

सोमवार को सम्पन्न हुये मतदान के दिन जिले में चप्पे-चप्पे पर तैनात पुलिस बल से जनसामान्य को कहीं कोई असुविधा महसूस नहीं हुई। मतदाताओं के दिलों में चप्पे-चप्पे पर तैनात पुलिस बल ने इस बार बेहतर संदेश दिया कि पुलिस अराजकतत्वों से निपटने को मुस्तैद है, किन्तु जनसामान्य को तकलीफ पहुंचाने के लिए नहीं। पुलिस ने न तो किसी के हवा निकाली और न बूथों तक वाहनों से जाने वाले बुजुर्गों से कोई बातचीत की।

इस स्थिति के चलते इस बार के लोकसभा चुनाव में लोग आराम से आते-जाते रहे। बावजूद इसके कड़ी धूप व मतदान के प्रति मतदाताओं में भारी भी रहा। मतदाताओं को सर्वाधिक दिक्कत आयोग के निर्देश पर बनी मतदाता सूची में अपना नाम ढूंढने में हुई। मतदाताओं के पास पहचान पत्र होने के बावजूद पर्ची लेकर जाने की बाध्यता से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

### ड्यूटियां कटवाने को लगाते रहे जुगाड़

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भीषण गर्मी को देखते हुए मतदान कर्मी किसी न किसी बहाने ड्यूटियां कटवाने को जुगाड़ लगाते रहे। ड्यूटी कटवाने को ऐसे कर्मियों ने अपनी हाजिरी दर्ज नहीं कराई। काउंटरों से बार-बार एनाउंस हो रहा था। महिलायें छोटे-छोटे बच्चों को लेकर पहुंची। बच्चे की वजह से गर्मी में ड्यूटी न करने की मजबूरी बताई। कुछ कर्मी खुद को बीमार बता रहे थे। चित्रकूट जिले के प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर में तैनात शिक्षिका शशि सिंह की मानिकपुर विधानसभा की पोलिंग पार्टी संख्या 540 में कंपोजिट विद्यालय रुकमा खुर्द में ड्यूटी लगी थी। उसका बेटा शनिवार को खेलते समय अचानक गिर गया था। हाथ में चोट लगने से फ्रैक्चर भी हो गया। वह एक्स-रे व पर्चे समेत सीएमओ डा भूपेश द्विवेदी के पर पहुंची। सीएमओ ने एक्स-रे देखकर उसकी ड्यूटी काटी।

### स्ट्रांग रूम की हुई जांच

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में प्रभारी एलआईयू निरीक्षक सूर्यकान्त अरुण राय की अगुवाई में डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू की संयुक्त टीम ने लोकसभा चुनाव पर सुरक्षा के लिहाज से रामायण मेला परिसर में विधानसभा 236 चित्रकूट व विधानसभा 237 मानिकपुर को बने स्ट्रांग रूम की जांच की। जांच दौरान कोई संदिग्ध वस्तु आदि नहीं मिली।

### विभिन्न बूथों का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जिले में चल रहे लोकसभा चुनाव के के मतदान केन्द्र सीआईसी, कम्पोजिट विद्यालय सोनेपुर, कम्पोजिट विद्यालय कर्वी, कम्पोजिट विद्यालय डिलौरा, प्राथमिक विद्यालय कालूपुर, प्राथमिक विद्यालय रेहुटिया, कम्पोजिट विद्यालय सेमरिया चरणदासी, प्राथमिक विद्यालय भगत सिंह नगर खरौंध, प्राईमरी विद्यालय सरैंया, प्राथमिक विद्यालय गढचपा, आदर्श इण्टर कालेज मानिकपुर, प्राथमिक विद्यालय मानिकपुर भाग-2, सरदार बल्लभ भाई पटेल पूमा विद्यालय रैपुरा, कम्पोजिट विद्यालय अगरहुण्डा, प्राथमिक विद्यालय गड़रियन पुरवा बांधी रामनगर, प्रा विद्यालय देउंधा रामनगर, कम्पोजिट विद्यालय मऊ जोरवारा, महामति प्राणनाथ महाविद्यालय मऊ का निरीक्षण किया। मतदान ड्यूटी में तैनात अधिकारी/कर्मचारी को निष्पक्ष, स्वतंत्र व निर्भीक मतदान कराने को निर्देश दिये। इस दौरान वाचक पारितोष दीक्षित, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल आदि मौजूद रहे।

## चुप्पी तोड़ मतदाताओं ने साफ कर दी चुनावी तस्वीर

## हर वर्ग ने कमल खिलाने में नहीं की चूक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** 18वीं लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार को जिले की दोनों विधानसभा सीटों पर सम्पन्न हुये मतदान में मतदाताओं ने खामोशी से मतदान किया। मतदान के बाद खुलकर मतदाताओं ने कहीं कमल, कहीं साइकिल तो कहीं हाथी पर मतदान किया। ज्यादातर स्थानों पर मतदाताओं ने कमल व साइकिल तथा हाथी को तरजीह देने की बात खुलकर कही।

लोकसभा चुनाव में जिले की चित्रकूट व मानिकपुर विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा, सपा व बसपा के बीच एक-दूसरे को सह-मात देने का खेल मतदाता कई बूथों पर खेलते रहे। जिले में सवेरे नौ बजे तक महज 15.2 फीसदी मतदान हो सका। पिछले चुनाव 2019 की अपेक्षा ये प्रतिशत अधिक रहा। पूर्वान्ह 11 बजे 30.29 फीसदी मतदान हुआ। अपरान्ह एक बजे 41 फीसदी व तीन बजते-बजते मतदान का आंकड़ा 48.08 फीसदी हो गया। जबकि 2019 में ये आंकड़ा इससे कम था। मतदान प्रतिशत से जाहिर है कि लोगों में लोकसभा चुनाव के मतदान के प्रति इस बार खासा उत्साह रहा। शाम पांच बजे तक मतदान का प्रतिशत इस बार 57.03 फीसदी पहुंच गया है। कयास हैं कि शाम छह बजे तक ये प्रतिशत 60 का आंकड़ा पार कर जायेगा।






इसके अलावा पाठा क्षेत्र व शहर से सटे कुछ बूथों में प्रत्याशी के एजेन्ट व बस्ते नहीं दिखे। ये स्थिति कई स्थानों पर देखने को मिली। कई गांवों में लोग किसी दल के पोलिंग एजेन्ट नहीं बने। कुछेक पोलिंग एजेन्टों ने भितरघात भी किया। चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र में शहरी मतदाताओं ने भाजपा व सपा को खासी तरजीह देते हुये बसपा को भी महत्व दिया है।

तरौंहा के मतदाताओं ने भाजपा, सपा, बसपा को महत्व दिया है। शंकर बाजार के मतदाताओं ने कमल खिलाने में पूरा जोर लगाया। शहर के पुरानी बाजार, उटारखाना, कजियाना मोहल्ला में भी कुछ स्थान पर कमल तो ज्यादातर स्थान पर साइकिल व हाथी पर लोगों ने जीत-हार की परवाह बिना मतदान किया। सीआईसी कालेज के बूथ में दो दलों पर ज्यादा मतदान हुआ। ब्राम्हण व दलित बाहुल्य गांवों में जहां कमल खिलता रहा, वहीं हाथी अलसाये अंदाज में चलता दिखा। कुर्मी बाहुल्य गांव में साइकिल खूब तेज दौड़ी। कहीं-कहीं पर गुटबाजी व प्रत्याशी से खफा ब्राम्हणों ने भी साइकिल व हाथी की सवारी पसन्द की। ब्राम्हण गुटबाजी वाले गांवों में कमल ने जबरदस्त जगह बनाई।

## खराब सडक को लेकर ग्रामीणों ने किया मतदान बहिष्कार

## एसडीएम के समझाने पर हुआ मतदान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट को हो रहे मतदान में जिले के बरुआ रुपौली गांव के मतदाताओं ने मतदान का बहिष्कार किया है। बेहद खराब सड़क के चलते लोगों में नाराजगी है। ग्रामीण डीएम को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े हैं। बाद में प्रशासन के मान-मनौवल पर जल्दी सडक बनवाने के भरोसे पर मतदान शुरू हुआ। सोमवार को मतदाताओं को मनाने को जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव व नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने गांव जाकर मतदाताओं से अनुरोध किया। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक जिलाधिकारी मौके पर नहीं आयेंगे, तब तक किसी दूसरे की बात पर भरोसा नहीं करेंगे।



विकास की बात कहने वाली सरकार का विकास देखना है तो यहां आकर देखें। गांव में कोई बीमार हो जाये तो अस्पताल ले जाना दूभर है। बेहद खराब सड़क की शिकायत अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से की गई थी, कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीण जिद पर अड़े रहे।

पिछले पांच घंटे से मतदान बहिष्कार चल रहा है। बाद में एसडीएम प्रमोद कुमार झा ने ग्रामीणों को जल्दी सडक बनवाने का भरोसा देकर मतदान शुरू कराया।

### आसमान से बरसी आग, झुलसा रहे लू के थपेड़े

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भीषण गर्मी में आसमान से आग बरस रही है। दोपहर तक तेज धूप के बाद हल्की बदली भी आसमान में छायी, फिर भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिली। पारा 45 डिग्री पहुंच गया। ऐसे में पंखा-कूलर भी गर्मी में राहत नहीं दे पा रहे। भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित हो गया। तापमान बढ़ने के साथ बिजली आपूर्ति भी लड़खड़ा गई है। कल रात आठ बार बिजली आई-गई। छोटे-छोटे बच्चे खासे परेशान रहे। कई दिनो से तापमान के पारा में ठहराव है। सोमवार को सवेरे से ही तेज धूप होने से तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। गर्मी बढने से लोग बिलबिला उठे। गर्मी से बचाव को लोगों ने पंखा-कूलर का सहारा लिया। बेतहासा गर्मी में पंखा- कूलर चलने के बाद बदन से पसीना लगातार बहता रहा। ऐसे में लोग घरो में दुबकने को मजूबर हो गए। जरूरी कार्यो से बाहर निकलने पर लोग गमछे से चेहरा व सिर ढके रहे। दोपहर में सडकों पर सन्नाटा पसर गया। इक्का-दुक्का वाहन ही सडकों पर नजर आए। भीषण गर्मी में जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया। पूरे दिन गर्म हवायें चलती रहीं। अपरान्ह तीन बजे के बाद आसमान में बदली छायी। फिर भी लोगो को गर्मी से राहत नहीं मिल सकी।

### युवक की हत्या कर शव को अस्पताल में छोड़कर भागे बदमाश


**अलीगढ़।** बन्नादेवी थाना क्षेत्रान्तर्गत जवाहर नगर निवासी युवक की देर रात अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी. बताया गया कि आरोपी कार में शव रखकर मेडिकल कॉलेज में छोड़कर मौके से फरार हो गए. घटना की जानकारी पर मेडिकल पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

## वाहनों के न चलने से परेशान रहे यात्री

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। 18वीं लोकसभा चुनाव के लिए वाहनों के अधिग्रहण से कम वाहन चलने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जिन्हें आवश्यक कार्य से बाहर से अपने घर व अन्यत्र जाना पड़ा, वे लोग चार-पांच घंटे तक वाहनों के इंतजार में बस स्टैण्डों पर बैठे रहे। टेज्न भी घंटे-दो घंटे विलम्ब से चलीं।

सोमवार को लोकसभा चुनाव के मतदान के मद्देनजर प्रशासन ने वाहनों को अधिग्रहीत कर लिया था। हालांकि प्रशासन ने विभिन्न मार्गों पर वाहनों के संचालन की व्यवस्था की थी, लेकिन वाहन कम होने से जो यात्री ट्रेन से मानिकपुर व कर्वी रेलवे स्टेशनों पर उतरे। ऐसे लोगों को अपने घर व गांव जाने को मानिकपुर व



कर्वी बस स्टैण्ड में वाहनों का चार से पांच घण्टे तक इंतजार करना पड़ा।


कानपुर-मानिकपुर पैसेन्जर व बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस तथा चित्रकूट एक्सप्रेस भी सोमवार को घंटे-दो घंटे विलम्ब से चली। इससे यात्रियों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ा।

**बाजारों में पसरा रहा सन्नाटा**

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मतदान के दिन सोमवार को जिला मुख्यालय समेत मऊ-मानिकपुर, राजापुर, पहाड़ी, भरतकूप, शिवरामपुर आदि कस्बों में पूरी तरह सन्नाटा पसरा रहा। चाय-पान तक की दुकानें बन्द रहीं। मतदान केन्द्रों के आसपास व बस स्टैण्डों पर इक्का-दुक्का चायपान की दुकानों से लोगों ने काम चलाया।

# ईरानी राष्ट्रपति रईसी के निधन पर जिनपिंग बोले- चीन ने एक अच्छा दोस्त खो दिया

**बीजिंग :** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के निधन पर शोक व्यक्त किया है. साथ ही जिनपिंग ने कहा कि चीन ने एक अच्छा दोस्त खो दिया है क्योंकि उन्होंने दो राष्ट्र की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और गहरा करने के लिए सकारात्मक प्रयास किए थे.

ईरान के प्रथम उपराष्ट्रपति मोहम्मद मुखबर को भेजे एक संदेश में चीनी सरकार और चीन के लोगों की ओर से शी ने गहरी संवेदना व्यक्त की. उन्होंने राष्ट्रपति रईसी के परिवार और ईरानी सरकार और लोगों, चीनी विदेश के प्रति सच्ची सहानुभूति व्यक्त की है. शी ने कहा कि जब से राष्ट्रपति रईसी ने पदभार संभाला, उन्होंने ईरान की सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने और राष्ट्रीय विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. उन्होंने कहा कि रईसी ने चीन-ईरान व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत और गहरा करने के लिए भी सकारात्मक प्रयास किए. शी ने कहा, रईसी की दुखद मौत ईरानी लोगों के लिए एक बड़ी क्षति है और चीनी लोगों ने भी एक अच्छा दोस्त खो दिया है. शी ने कहा कि चीनी सरकार और चीनी लोग चीन और ईरान के बीच पारंपरिक मित्रता को संजोते हैं. उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों पक्षों के संयुक्त प्रयासों से, चीन-ईरान व्यापक रणनीतिक साझेदारी मजबूत और विकसित होती रहेगी. राष्ट्रपति रईसी और ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन और कई अन्य अधिकारी रविवार को देश के उत्तर-पश्चिम के कोहरे वाले पहाड़ी क्षेत्र में उनके हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के कुछ घंटों बाद मृत पाए गए।

# 'सभी भारतीय छात्र सुरक्षित, बिश्केक में स्थिति सामान्य' –



**बिश्केक :** किर्गिस्तान में भारतीय दूतावास ने रविवार को कहा कि बिश्केक में स्थिति सामान्य है और सभी भारतीय छात्र सुरक्षित हैं. गौरतलब है कि 17 मई को यहां मुख्य रूप से पाकिस्तानी छात्रों और स्थानीय लोगों के बीच टकराव हो गया था. इसने किर्गिस्तान की राजधानी को हिलाकर रख दिया था.

भारतीय दूतावास ने रविवार को एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए भारतीय नागरिकों को हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने की सलाह देते हुए कहा, 'बिश्केक में स्थिति सामान्य है. सभी भारतीय छात्र सुरक्षित हैं.' हिंसा में एक पाकिस्तानी सहित कई लोग घायल हो गए थे. छात्रों को दूतावास के साथ संपर्क में रहने की जोरदार सलाह देते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि वह भारतीय छात्रों की सुरक्षा पर नजर रख रहे हैं.

इस बीच किर्गिस्तान के विदेश मंत्री जीनबेक कुलुबायेव ने अपने पाकिस्तानी समकक्ष मोहम्मद इशाक डार को फोन कर पाकिस्तानी मीडिया में किर्गिस्तान की घटना और हालात के बारे में झूठी और असत्यापित जानकारी के प्रसार के बारे में गंभीर चिंता जताई. किर्गिस्तान के विदेश मंत्री जीनबेक कुलुबायेव ने अपने पाकिस्तानी समकक्ष मोहम्मद इशाक डार को फोन करके पाकिस्तानी मीडिया में किर्गिस्तान की घटना और स्थिति के बारे में 'झूठी और असत्यापित जानकारी के प्रसार के बारे में गंभीर चिंता' व्यक्त की. किर्गिस्तान के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, 'जे. कुलुबायेव ने सत्यापित जानकारी के उपयोग के महत्व के साथ-साथ झूठी सूचनाओं और प्रकाशनों को रोकने के महत्व पर जोर दिया, जो पाकिस्तान के सूचना क्षेत्र में किर्गिज-पाकिस्तानी संबंधों को नुकसान पहुंचा सकते हैं.'

## हंगामे के बीच प्रधानमंत्री प्रचंड को चौथी बार मिला बहुमत, पक्ष में 157 सांसदों ने डाले वोट

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल ह्यप्रचंडह्न ने संसद से चौथी बार विश्वास का मत हासिल किया है। विपक्षी दलों के हंगामें और नारेबाजी के बीच प्रधानमंत्री प्रचंड ने विश्वास का मत हासिल किया है। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड ने सोमवार को संसद में विश्वास मत हासिल करने के लिए प्रस्ताव पेश किया। विपक्षी दलों के गतिरोध के बीच स्पीकर देवराज घिमिरे ने मत विभाजन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई। प्रधानमंत्री के पक्ष में 157 सांसदों ने मतदान किया। मतदान की प्रक्रिया में कुल 158 सांसदों ने हिस्सा लिया था। एक सांसद तटस्थ रहा, जबकि विपक्षी दलों में नेपाली कांग्रेस, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी, जनता समाजवादी पार्टी नेपाल, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने मतदान प्रकिया का बहिष्कार किया।

प्रधानमंत्री प्रचंड के पक्ष में मतदान करने वालों में उनकी पार्टी माओवादी के 32, नेकपा एमाले के 75, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के 21, एकीकृत समाजवादी पार्टी के 10, जनमत पार्टी के 6, नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के 3 सहित कुछ अन्य छोटे दलों के सांसद शामिल हैं।

## नेपाल की संसद में विपक्षी दलों का गतिरोध, प्रधानमंत्री ने पेश किया विश्वास मत

**काठमांडू।** नेपाल की संसद में विपक्षी दलों के गतिरोध के बीच प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल ह्यप्रचंडह्न ने सोमवार को सदन में विश्वास मत पेश किया है। सहकारी घोटाले की जांच के लिए संसदीय समिति पर सहमति नहीं बन पाने के कारण संसद में विपक्षी दलों का हंगामा आज भी हो रहा है। इस बीच विश्वास का मत लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रतिनिधि सभा की कार्यसूची में आज प्रधानमंत्री की ओर से विश्वास मत पेश करने का कार्यक्रम तय था लेकिन विपक्षी दलों ने सदन की कार्रवाई शुरू होते ही नारेबाजी शुरू कर दी और स्पीकर के आसन के आगे जमा हो गए। सदन की कार्रवाई शुरू होने से पहले विपक्षी मोर्चा की बैठक में सदन की कार्रवाई अवरोध करने का फैसला लिया गया था। स्पीकर देवराज घिमिरे ने सदन की कार्रवाई को थोड़ी देर के लिए स्थगित कर दिया। नेपाली कांग्रेस के प्रमुख सचेतक रमेश लेखक ने कहा कि सत्तापक्ष के साथ संसदीय जांच समिति पर सहमति हो गई थी लेकिन सदन में गृहमंत्री के बयान से माहौल और अधिक बिगड़ गया है। जब तक संसदीय जांच समिति पर सहमति नहीं बनती, तब तक नहीं सदन को नहीं चलने दिया जाएगा।

## कोलंबो में मॉल के बाहर ईरानी राजदूत पर हमला करने के आरोप में लंकाई व्यवसायी गिरफ्तार -



**कोलंबो :** कोलंबो के एक शॉपिंग मॉल की कार पार्किंग के अंदर कार पार्क करने को लेकर हुए झगड़े के बाद पुलिस ने ईरानी राजदूत को कुचलने की कोशिश करने के आरोप में 33 वर्षीय एक स्थानीय व्यवसायी को गिरफ्तार किया. उसे सोमवार को अदालत में पेश किया. श्रीलंका की एक अदालत ने सोमवार को व्यवसायी पर हत्या के प्रयास का आरोप तय किया. व्यवसायी ने पिछले सप्ताह पार्किंग को लेकर विवाद के बाद देश में ईरान के राजदूत अलीरेजा डेलखोश पर हमला किया था.

पुलिस जांचकताओं ने अदालत को सूचित किया कि संदिग्ध ने एक कार पार्क में विदेशी राजनयिक के साथ बहस की थी और बाद में राजदूत की गर्दन पकड़ ली थी और उन पर वार भी किया था. कोलंबो में रहने वाले व्यापारी ने घटना के बाद अपने वाहन से भागने की कोशिश की, लेकिन राजदूत ने कार के बोनट पर हाथ रखकर उसे रोक दिया. हालांकि, संदिग्ध व्यापारी गाड़ी चलाता रहा।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# ईरान में पांच दिन का राष्ट्रीय शोक, मोहम्मद मोखबर होंगे अंतरिम राष्ट्रपति



**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत पर देश में पांच दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। उन्होंने मोहम्मद मोखबर को अंतरिम राष्ट्रपति नियुक्त करने को मंजूरी दी है। दुनिया के प्रमुख नेताओं ने राइसी के निधन पर शोक जताया है। इनमें भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर हादसे में निधन पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पर जारी अपने शोक संदेश में कहा है कि दुख की इस घड़ी में भारत ईरान के साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिखा है, ह्लइस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के राष्ट्रपति डॉ. सैयद इब्राहिम राइसी के दुखद निधन से बहुत दुखी और स्तब्ध हूं। भारत-ईरान द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उनके परिवार और ईरान के लोगों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। दुख की इस घड़ी में भारत ईरान के साथ खड़ा है। सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी और विदेशमंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियन व अन्य के निधन पर शोक संदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति राइसी ने अपना संपूर्ण जीवन ईरान और इस्लाम की निरंतर सेवा में बिताया। राइसी ने अन्य सभी विचारों से ऊपर, लोगों की भलाई और संतुष्टि को प्राथमिकता दी, जो ईश्वर की संतुष्टि के बराबर है। खामेनेई ने कहा है कि ईरान ने एक ईमानदार, समर्पित और मूल्यवान सेवक खो दिया।

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर का मलबा सुबह अजरबैजान की पहाड़ियों पर मिला। हेलीकॉप्टर में राष्ट्रपति के साथ ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन समेत नौ लोग सवार थे। रईसी 19 मई की सुबह अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के साथ एक बांध का उद्घाटन करने गए थे। लौटते वक्त अजरबैजान की सीमा के करीब ईरान के वरजेघन शहर में यह हादसा हुआ। उनका हेलीकॉप्टर रविवार शाम 7:30 बजे अजरबैजान के पास लापता हो गया था।

हेलीकॉप्टर में राष्ट्रपति रईसी, विदेश मंत्री होसैन के अलावा पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर मलिक रहमती, तबरीज के इमाम मोहम्मद अली अलेहाशेम, एक पायलट, को-पायलट, क्रू चीफ, हेड ऑफ सिक्योरिटी और बॉडीगार्ड सवार थे। ईरान के आपदा प्रबंधन संगठन प्रमुख मोहम्मद हसन नामी ने कहा है कि राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और उनके प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के शवों की पहचान कर ली गई है। डीएनए परीक्षण कराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

रईसी का जन्म 1960 में उत्तर पूर्वी ईरान के पवित्र शहर मशहद में हुआ था। रईसी के पिता मौलवी थे। रईसी जब पांच साल के थे, तभी उनके पिता का निधन हो गया था। वह धार्मिक स्कॉलर और वकील भी रहे। इब्राहिम रईसी ने जब जून 2021 में ईरान की सत्ता संभाली, तब उनके सामने घरेलू स्तर पर कई चुनौतियां थीं। उन्हें 20 साल की उम्र में ही तेहरान के करीब स्थित कराज का महा अभियोजक नियुक्त किया गया था। 1989 से 1994 के बीच रईसी तेहरान के महा अभियोजक रहे और इसके बाद 2004 से अगले एक दशक तक न्यायिक प्राधिकरण के उप प्रमुख रहे। वर्ष 2014 में वो ईरान के महाभियोजक बनाए गए।

# ईरानी राष्ट्रपति की मौत के पीछे क्या है रहस्य? कहीं खराब एविएशन सेफ्टी बड़ी वजह तो नहीं!



**तेहरानः** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलीकाप्टर दुर्घटना में मौत हो गई. इस हादसे को लेकर पूरी दुनिया और तमाम मीडिया जगत स्तब्ध है .रविवार को ईरान के 63 साल के राष्ट्रपति की दुखद मृत्यु के बाद ईरान के खराब सुरक्षा विमानन रिकॉर्ड पर सबका ध्यान केंद्रित हो गया है. इस हादसे में रईसी के साथ हेलीकॉप्टर में सवार ईरान के विदेश मंत्री अमीर अब्दुल्लाहियान की भी मौत हो गई है. अब इस ताजा दुर्घटना के बाद लोगों के मन में यह सवाल बार-बार उठ रहा है कि, ईरानी राष्ट्रपति की मौत के पीछ कहीं अपनी ही कमजोरी तो नहीं छिपी हुई है? वैसे पिछले कई रिकॉर्ड पर गौर किया जाए तो ईरान और उसकी सेना का विमानन सुरक्षा इतिहास भी कम खराब नहीं है.

**1980 के बाद से ईरान में हुई कुछ प्रमुख विमान दुर्घटनाओं पर एक नजरः**

**21 जनवरी 1980:** मशहद से तेहरान के लिए उड़ान भरने वाला ईरान एयर बोइंग 727 कोहरे में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार सभी 128 लोग मारे गए.

**03 नवंबर 1986:** एक ईरानी हरक्यूलिस सी-130 सेना परिवहन विमान जाहेदान हवाई अड्डे पर उतरने की कोशिश करते समय एक पहाड़ से टकरा गया, जिसमें सवार सभी 103 लोगों की मौत हो गई.

**03 जुलाई1988:** ईरान का एक एयर A-300 एयरबस को अमेरिकी युद्धपोत विन्सेन्स द्वारा खाड़ी के ऊपर मार गिराया गया. जहाज पर सवार सभी 290 लोग मारे गए.

**03 फरवरी 1993:** ईरान एयर टूर्स द्वारा चार्टर्ड एक ईरानी विमान एक सैन्य सुखोई विमान से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी 132 लोगों की मौत हो गई. सैन्य विमान के पायलट और सह-पायलट की भी मौत हो गई.

**12 अक्टूबर1994:** इस्फहान से तेहरान जा रही एक आंतरिक ईरानी उड़ान असेमन एयरलाइन फोककर एफ-28 दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी 66 लोग मारे गए. यह तेहरान से 150 मील (240 किमी) दक्षिण में नटानज के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया.

**14 मार्च 1997:** लगभग 80 लोगों को लेकर एक ईरानी सैन्य विमान पूर्वोत्तर ईरान के एक पहाड़ी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की मौत हो गई.

**02 फरवरी 2000:** तेहरान हवाई अड्डे पर उड़ान भरते समय ईरानी वायु सेना सी-130 नियंत्रण से बाहर हो गया और एक खाली ईरान एयर A300 से टकरा गया. इस हादसे में दोनों विमान नष्ट हो गए और सी-130 में सवार सभी छह लोग मारे गए.

17 मार्च 2001: ईरान के परिवहन मंत्री रहमान दादमन और अन्य उपमंत्रियों सहित 29 लोगों को ले जा रहा एक रूसी याक-40 विमान उत्तरी ईरान में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार सभी लोग मारे गए.

**12 फरवरी 2002:** ईरान एयर टूर्स टुपोलेव-154 पश्चिमी शहर खोर्रमाबाद के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया. इसमें सवार सभी 119 लोग मारे गए.

**19 फरवरी 2003:** एक ईरानी इल्यूशिन-76 सैन्य वाहक दक्षिणपूर्वी ईरान में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी 276 रिवोल्यूशनरी गार्ड सैनिक और चालक दल के सदस्य मारे गए.

**10 फरवरी 2004:** संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह हवाई अड्डे पर लैंडिंग के दौरान किश एयरलाइंस का फोककर-50 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार 45 यात्रियों और चालक दल में से 43 की मौत हो गई.

**06 दिसंबर 2005:** 94 लोगों को लेकर ईरानी वायु सेना का सी-130 विमान तेहरान के शाहरक-ए तौहिद क्षेत्र में एक 10 मंजिला अपार्टमेंट ब्लॉक में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे विमान में सवार सभी लोग मारे गए और जमीन पर कम से कम 22 लोग मारे गए.

**09 जनवरी 2006:** एक ईरानी सैन्य विमान उत्तर पश्चिमी ईरान में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें कई रिवोल्यूशनरी गार्ड कमांडरों सहित कम से कम 11 लोग मारे गए.

## यूक्रेन-रूस के बीच हमले तेज

**कीव।** रूस ने अपने क्षेत्र में यूक्रेन के लगभग 60 ड्रोन और कई मिसाइल मार गिराने का दावा किया है जबकि कीव ने कहा है कि उसने 30 से अधिक रूसी ड्रोन नष्ट किए हैं। खार्किव के बाहरी इलाके में एक हमले में रविवार को कम से कम चार लोगों के मारे जाने की खबर है। रूस ने यूक्रेन के युद्धग्रस्त उत्तर-पूर्व इलाके में नए सिरे से आक्रमण शुरू कर दिया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी हवाई सुरक्षा ने दक्षिणी क्रास्नोडार क्षेत्र में रात भर में 57 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। स्थानीय सैन्य अधिकारियों ने कहा कि ड्रोन का मलबा स्लावियांस्क-ऑन-क्यूबन शहर में एक तेल रिफाइनरी पर गिरा, लेकिन इससे आग की कोई घटना अथवा किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई है। रिफाइनरी में एक विस्फोट दिखाया गया, क्योंकि इससे एक ड्रोन टकराया। वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है। यूक्रेनी ड्रोन हमले के बाद रूस के कब्जे वाले क्रीमिया प्रायद्वीप पर लंबी दूरी की नौ बैलिस्टिक मिसाइल और एक ड्रोन नष्ट कर दिया गया, जिससे सेवस्तोपोल शहर में बिजली कट गई। यूक्रेन की सीमा से लगे बेलगोरोद क्षेत्र में तीन और ड्रोन मार गिराए गए। क्षेत्रीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव के अनुसार, ड्रोन का मलबा गिरने से एक चर्च की छत पर आग लग गई, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

उत्तरी अफगानिस्तान में भारी बारिश से आई अचानक बाढ़ से 84 की मौत, कई लापता, सैकड़ों जख्मी

## फरयाब प्रांत में भारी नुकसान, 1500 मकान क्षतिग्रस्त, 300 पशुओं की मौत



**इस्लामाबाद।** उत्तरी अफगानिस्तान में असामान्य रूप से हुई भारी बारिश के बाद अचानक आई बाढ़ में कम से कम 84 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी तालिबान के एक प्रवक्ता ने रविवार को दी।

फरयाब प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता इस्मतुल्ला मुरादी ने कहा कि शनिवार रात प्रांत के चार जिलों में भारी बारिश के बाद आई बाढ़ में कम से कम 66 लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हो गए, आठ लोग लापता है। उन्होंने बताया कि अन्य लोगों की मौत शुक्रवार को आई बाढ़ में हुई। मुरादी ने कहा कि 1,500 मकान पूरी तरह या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं, सैकड़ों हेक्टेयर कृषि भूमि बर्बाद हो गई है और 300 से अधिक पशु मारे गए हैं। अफगानिस्तान में असामान्य रूप से भारी मौसमी बारिश हो रही है। पश्चिमी प्रांत गोर के गवर्नर के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद हमास के अनुसार, बुरी तरह प्रभावित प्रांत में शुक्रवार को आई बाढ़ से 50 लोगों के मरने की खबर है।

## इब्राहिम रईसी के निधन के बाद कौन बनेगा ईरान का राष्ट्रपति ? -

**नई दिल्लीः** एक चौंकाने वाले घटनाक्रम में, एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में रविवार को ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन की पूर्वी अजरबैजान में जान चली गई. स्थानीय मीडिया के अनुसार, हेलीकॉप्टर के यात्रियों में इब्राहिम रईसी, होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन, ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर मालेक रहमती और पूर्वी अजरबैजान प्रांत में इस्लामी क्रांति के नेता के प्रतिनिधि अयातुल्ला मोहम्मद अली आले-हाशेम मौजूद थे. इस घटना में कई अन्य लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी.

ईरानी राज्य समाचार एजेंसी के अनुसार, 'रईसी सेवा के दौरान शहीद हो गए हैं'. स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, राष्ट्रपति के गृहनगर मशहद में इमाम रजा के प्रतिष्ठित मकबरे के मंच से उनके निधन की घोषणा की गई. ईरान में अब आगे क्या होगा. यह सबसे बड़ा सवाल है, खासकर ऐसे समय में जब दुनिया भूराजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रही है.

**राष्ट्रपति के रूप में इब्राहिम रायसी का स्थान कौन लेगा?**

ईरान के संविधान के अनुसार, नए राष्ट्रपति के चुने जाने तक कर्तव्यों को आम तौर पर प्रथम उपराष्ट्रपति द्वारा ग्रहण किया जाएगा.

प्रथम उपराष्ट्रपति मुहम्मद मोखबर अब संविधान के अनुसार कार्यभार संभालेंगे. न्यायपालिका के प्रमुख, संसद के अध्यक्ष और अभिभावक परिषद के मौलवियों में से एक वाली परिषद मामलों का प्रबंधन करेगी. ईरान में कई नियुक्त उपराष्ट्रपति हैं, जो ईरानी मंत्रिमंडल में कार्य करते हैं. प्रथम उपराष्ट्रपति का पद समकक्षों में प्रथम माना जाता है.

राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने तक मोहम्मद मोखबर राष्ट्रपति के रूप में कार्य करेंगे. वहीं, राष्ट्रपति रायसी की मौत के 50 दिनों के भीतर नए राष्ट्रपति चुनाव का आयोजन भी किया जाएगा.